विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 158 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 10 मार्च 2025 डाक 11 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
हैदराबाद के नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में पद्मशाली महासभा के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी



**देश-विदेश**
गंगाजल क्यों पी लूं, देश की कोई नदी साफ नहीं, महाकुंभ पर राज ठाकरे ने उठाया सवाल, बीजेपी का पलटवार



**फीचर पेज**
केले के छिलकों को न करें फेंकने की गलती, स्किन की इन समस्याओं में है कारगर



# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर ईडी की छापेमारी

## कांग्रेस नेता ने पंजाब में पार्टी को रोकने की साजिश करार दिया





**रायपुर, 10 मार्च [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड मारी है। भिलाई स्थित उनके निवास पर ईडी सुबह से छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई तीन मानसरोवर कॉलोनी स्थित बंगला में ईडी की टीम ने छापेमारी की है। सुबह 7.00 बजे तीन ईनोवा कार से पहुंची थी ईडी की टीम। बंगले के भीतर चल रही ईडी की कार्रवाई। बाहर जुटने लगे हैं कांग्रेसी। ईडी की कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के लिए मौजूद सीआरपीएफ जवानों के साथ विवाद भी हुआ। मीडिया कर्मियों को कवरेज से रोके जाने पर कांग्रेसियों ने हंगामा किया। हालांकि कुछ देर में ही माहौल शांत हो गया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी की। बड़ी संख्या में कांग्रेसी पूर्व मुख्यमंत्री के निवास के सामने पहुंच रहे हैं। यह एक बड़े अभियान का हिस्सा हो सकता है, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य भर में करीब 14 स्थानों पर छापेमारी की, इनमें से कुछ चैतन्य बघेल से जुड़े हैं। दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम कोयला घोटाला और महादेव सट्टा ऐप मामले में जांच करने आई है।

पूर्व सीएम के कार्यालय ने अपने एक्स हैंडल पर छापेमारी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी है। पोस्ट में कहा, सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो आज ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है। यह पहली बार नहीं है जब ईडी ने बघेल से जुड़े किसी मामले में छत्तीसगढ़ में तलाशी अभियान चलाया है। इससे पहले 2023 में जब राज्य में चुनाव होने वाले थे, तब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रायपुर और दुर्ग जिलों में बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और दो विशेष कार्य अधिकारियों (ओएसडी) के परिसरों पर तलाशी ली थी।

### सहेली ज्वेलर्स भी ईडी की जद में .....

*प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक बार फिर प्रदेश में सक्रिय है। ईडी की टीम ने सहेली ज्वेलर्स, किशोर राइस मिल के अलावा अजय चौहान और आशीष वर्मा के ठिकानों पर दबिश दी है। ईडी की टीमें संदीप सिंह चरोदा, गब्बर वसुंधरा नगर अजय चौहान के यहां भी जांच कर रही है।*

### कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी - दीपक बैज

*बघेल यहां ईडी की रेड पर दीपक बैज ने कहा, ईडी की दबिश–भाजपा की हताशा ! भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है ! सात साल पुराने झूठे केस को अदालत ने खारिज कर दिया, लेकिन दुर्भावना से ईडी को मोहरा बना दिया गया। ये जांच है या राजनीतिक प्रतिशोध! अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी– अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा !*

## भूपेश पर ईडी की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध : सचिन पायलट



**रायपुर।** भूपेश बघेल पर ईडी की कार्रवाई को सचिन पायलट ने राजनीतिक प्रतिशोध बताया और कहा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के यहाँ ईडी का छापा स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की मंशा को उजागर करता है। भाजपा ED, CBI जैसी एजेंसियों को विपक्ष के नेताओं को डराने और दबाने के लिए इस्तेमाल कर रही है और एजेंसियों का दुरुपयोग अब एक सुनियोजित ढर्रा बन चुका है। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज़ को कुचलने और धमकाने वाली राजनीति अब एक पैटर्न बन गई है जो लोकतंत्र के लिए भी खतरा साबित हो रही है। कांग्रेसजन इससे डरने वाले नहीं हैं और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार है।



# लोकसभा में डीएमके के आरोपों पर शिक्षा मंत्री ने किया पलटवार, भाषा विवाद पर जमकर बरसे धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दों को लेकर हंगामा किया। वहीं राज्यसभा में भी विपक्षी दलों के नेता अलग-अलग मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहे है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से शांत रहने की अपील की। सरकार और विपक्ष के बीच ईपीआईसी के मुद्दे पर टकराव होने की उम्मीद है। विपक्ष मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन से निपटने में भारत के रुख जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। सरकार का ध्यान अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करने के साथ-साथ बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर रहेगा। असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में भारतीय पुरातत्व विभाग में खाली पड़े पदों पर सवाल उठाए और कहा कि पानी का रिसाव हो रहा है, ताजमहल में दरार आ गई है। सदन में भारी हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है। तमिलनाडु सरकार बेईमान है और पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) को लागू करने के मुद्दे पर पूरी तरह यू-टर्न लेकर राज्य के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस टिप्पणी पर द्रमुक सदस्यों के विरोध के बाद लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई थी। दरअसल नई शिक्षा नीति और तीन भाषा विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में कहा, वे (डीएमके) बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं। वे अलोकतांत्रिक और असभ्य हैं।

# महाराष्ट्र में बजट से पहले कांग्रेस को झटका साथ छोड़ेंगे पूर्व विधायक रवींद्र धंगेकर



**पुणे।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार आज अपना पहला बजट पेश करेगी। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व विधायक रवींद्र धंगेकर ने ऐलान किया कि वह कांग्रेस छोड़ देंगे और संकेत दिया कि वह एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। पिछले कुछ महीनों से अटकलें लगाई जा रही हैं कि 2023 में उपचुनाव के दौरान महाराष्ट्र के पुणे जिले की कस्बा विधानसभा सीट जीतने वाले धंगेकर सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो सकते हैं।

पिछले साल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें पुणे निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा था, लेकिन वह भाजपा के मुरलीधर मोहोल से हार गए थे। धंगेकर ने 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में भी कस्बा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा के हेमंत रासने से हार गए थे।

## तरनतारन से गिरफ्तार हुआ इंटरनेशनल ड्रग तस्कर शॉन भिंडर

**तरनतारन।** पंजाब पुलिस इन दिनों नशे के खिलाफ जोरादार अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में सोमवार को तरनतारन पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है। शॉन भिंडर कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था और वह इस ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना भी है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर के कुछ साथियों को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है।

# भगोड़े ललित मोदी को जोर का झटका, वानुआतु के प्रधानमंत्री ने पासपोर्ट रद करने का दिया आदेश



**नईदिल्ली, 10 मार्च [एजेंसी]।**

प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश वनातु में जाकर बसने का ख्वाब देख रहे IPL के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को वहां की सरकार ने उन्हें जोर का झटका दिया है। वनातु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को ललित मोदी को जारी किया गया वानुअतु पासपोर्ट रद करने का निर्देश दिया है। हाल ही में ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन दिया था। ललित मोदी साल 2010 में भारत छोड़कर लंदन में बस गए थे। भारत के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि आईपीएल के संस्थापक ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ने के लिए आवेदन किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है। मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के तहत इसकी जांच की जाएगी। हमें यह भी बताया गया है कि उन्होंने वनातु की नागरिकता हासिल कर ली है। हम कानून के तहत उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ा रहे हैं। वनातु में स्थित एक टैक्स हैवन देश है, इसमें नागरिकता लेने के लिए 1.3 करोड़ रुपये का निवेश करना होता है। अगर पति व पत्नी दोनों नागरिकता लेते हैं तो संयुक्त निवेश राशि में काफी बड़ी छूट मिलती है। यह देश भगोड़ों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है।

वनातु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने देश के नागरिकता आयोग से अनुरोध किया है कि वह अंतरराष्ट्रीय मीडिया में हाल ही में हुए खुलासों के बाद ललित मोदी को जारी पासपोर्ट रद्द कर दे। उनके कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ। हालांकि, मुझे पिछले 24 घंटों में पता चला है कि इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी पर अलर्ट नोटिस जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोध को ठोस न्यायिक साक्ष्य की कमी के कारण खारिज कर दिया है। इस तरह के किसी भी अलर्ट से श्री मोदी के नागरिकता आवेदन को स्वतः ही अस्वीकार कर दिया जाता। उन्होंने आगे कहा, वनातु का पासपोर्ट रखना एक विशेषाधिकार है।

# ओडिशा का हिस्सा बनना कोशल की ऐतिहासिक भूल, बीजेपी विधायक के बयान पर भड़का विवाद, जयराम रमेश ने खूब सुनाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को ओडिशा के विधायक जयनारायण मिश्रा की उस टिप्पणी को लेकर भाजपा पर हमला बोला जिसमें उन्होंने कहा था कि कोशल का ओडिशा का हिस्सा बनना एक ऐतिहासिक भूल थी। साथ ही, इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की जिसमें दावा किया गया था कि एक कार्यक्रम में राज्य गीत बंदे उत्कल जननी गाए जाने पर मिश्रा खड़े नहीं हुए थे। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, प्रिय धर्मेंद्र प्रधान जी, आप अपने संबलपुर के साथी के बयानों और कार्यों पर चुप क्यों हैं, जो ओडिशा राज्य गीत बंदे उत्कल जननी गाए जाने पर खड़े नहीं हुए।

वरिष्ठ भाजपा विधायक जयनारायण मिश्रा ने शनिवार को कहा था कि 1936 में कोशल का ओडिशा का हिस्सा बनना एक ऐतिहासिक भूल थी, क्योंकि यह क्षेत्र उपेक्षित रहा है। संबलपुर में एक सरकारी समारोह को संबोधित करते हुए, विधायक मिश्रा ने कहाथा कि ओडिशा का गठन तीन क्षेत्रों- उत्कल जिसमें तटीय क्षेत्र शामिल था, दक्षिण में कलिंग और पश्चिम में कोशल को मिलाकर किया गया था।

# जालंधर में सवारियों से भरी बस और ट्रैक्टर के बीच भयानक टक्कर, चालक समेत 2 की मौत, 16 जख्मी



**जालंधर, 10 मार्च [एजेंसी]।**

जालंधर पठानकोट हाईवे पर काला बकरा के पास बस और ईंट की भरी ट्रैक्टर ट्राली की भयानक टक्कर हो गई, जिसमें चालक बस में बुरी तरह फंस गया। चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई और 16 के करीब लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया।बताया जा रहा है कि सवारियों से भरी टूरिस्ट बस जालंधरसे जम्मू जा रही थी। जैसे ही वह काला बकरा के पास पहुंची तो ईंटों की भरी ट्राली हाईवे पर चढ़ने लगी और इस दौरान बस ट्राली से टकरा गई।

टक्कर के बाद ट्राली पलट गई और बस चालक बस में ही फंस गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर एसएसएफ (सड़क सुरक्षा फोर्स) की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही थाना भोगपुर की पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# ट्रक और कार की भीषण टक्कर, 5 लोगों की मौत

**बस्ती, 10 मार्च [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के बस्ती में सोमवार को एक सड़क हादसे की जानकारी सामने आई है। यहां तेज रफ्तार ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मामला नगर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के नेशनल हाईवे का है। बताया जा रहा है कि राजस्थान नंबर (आरजे18जीबी5710) का ट्रक बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने लेन बदलने की कोशिश की, तभी अयोध्या से बस्ती की तरफ जा रही कार की उससे जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही उन्होंने हादसे में घायल हुए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

### 7 लोगों की मौत 14 घायल

***सीधी।*** *मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रविवार देर रात एक ट्रक और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल के बीच टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक गायत्री तिवारी ने बताया कि यह घटना सीधी-बहरी रोड पर उपनी पेट्रोल पंप के पास देर रात करीब 2.30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि एसयूवी मैहर की ओर जा रही थी जबकि ट्रक सीधी से बहरी की ओर जा रहा था, तभी दोनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हुई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में एसयूवी में सवार सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग घायल हो गए।*

# फिर दहल उठी दिल्ली, जवान बेटे की हत्या से मचा कोहराम, परिजनों ने एनएच-9 को किया जाम



**पूर्वी दिल्ली 10 मार्च [एजेंसी]।**

पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर इलाके में एक युवक की हत्या गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।वहीं, मृतक की पहचान गाजीपुर गांव निवासी रोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस वारदात के बाद गुस्साए परिजनों ने गांव के लोगों के साथ मिलकर एनएच-9 को जाम कर दिया है और हत्या की वारदात को लेकर हंगामा कर रहे हैं। लोगों ने दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाले मार्ग पर जाम लगाया हुआ है। उधर, आनंद विहार रोड पर भी जाम लग गया है।

# असम से एंट्री, कोलकाता में मिला फर्जी आधार कार्ड, भुवनेश्वर से गिरफ्तार हुए 10 बांग्लादेशियों ने किए बड़े खुलासे



**भुवनेश्वर।** बिना वीजा और पासपोर्ट के भारत में घुसपैठ करने वाले दस बांग्लादेशी नागरिकों को अपराध शाखा एसटीएफ ने पकड़ा है। घुसपैठियों में एजेंट के साथ छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। उन्हें भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर एक एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया गया है, जब वे बेंगलुरु जा रहे थे। पकड़े गए लोगों की पहचान बेंगलुरु के एजेंट मोहम्मद हाशिम, बांग्लादेश के भालुका जिले के सोजिब खान, सारण कोला रेंडिया गांव के एक नाबालिग, मोरेलगंज थाना क्षेत्र के आलम शेख। मोहम्मद अजीम, दिल्लार शेख, सोहातुलुक डार, कर्मा बेगम, चांदीपुर पुलिस थाना क्षेत्र की मोनिरा बेगम और दमराई पुलिस थाना क्षेत्र की सहाना बेगम के रूप में हुई है। असम सीमा के माध्यम से भारत में घुसपैठ की है। इनके पास से भारतीय मुद्रा के साथ बांग्लादेश की मुद्रा भी जब्त की गई है। नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है और अन्य सभी को झारपड़ा जेल हिरासत में भेज दिया गया है।

Delite Fashion
Transport Nagar
वैवाहिक एवं फैंसी साड़ियाँ
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Wedding Collection
Suiting I Shirting I Sherwani
Indowestern I Coat Suit
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीएवी स्कूल एवं बीकन स्कूल की 49 शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान



**कोरबा ।** कोरबा जिला श्रद्धा महिला मंडल के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रभावित हो कर सृष्टि महिला समिति कोरबा ने देश के भविष्य का निर्माण करने वाली शिक्षिकाओं का सम्मान करने का पुनीत आयोजन किया था। श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, तदनुसार इस वर्ष सृष्टि महिला समिति ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस महती आयोजन में एसईसीएल डीएवी स्कूल एवं बीकन स्कूल की 46 शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया, इसके साथ सृष्टि महिला समिति की 3 सदस्यों जो विभिन्न स्कूलों में शिक्षिका है। सभी का सर्वप्रथम हल्दी कुमकम लगा कर स्वागत कर उन्हें स्थान ग्रहण कराया गया, तत्पश्चात अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति श्रीमती श्वेता पंड्या ने डीएवी शिक्षिकाओं एवं बीकन स्कूल की शिक्षिकाओं एवं सृष्टि महिला समिति की सदस्याओं के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया। अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति श्वेता पंड्या ने अपने स्वागत भाषण में महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ सभी महिलाओं को आत्म सहानुभूति से आगे बढ़ कर आत्म बोध के लिए भी प्रयास करने की दिशा में मंथन करने का सुझाव दिया। उन्होंने श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में किए जाने वाले सामाजिक कार्य एवं सृष्टि महिला समिति के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी भी प्रदान की।

इसके के पश्चात डीएवी स्कूल की शिक्षिकाओं ने नारी से संबंधित विषय पर वार्ता, गीत तथा कविताओं का पाठ किया एवं नारी सशक्तिकरण पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। तद्पश्चात बीकन स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा समूह गीत एवं सोलो गीत की प्रस्तुति दी गई। बीकन स्कूल की राष्ट्रपति अवॉर्ड प्राप्त शिक्षिका श्रीमती कल्पना मिश्रा ने प्रेरक उद्बोधन दिया। अध्यक्षा सृष्टि महिला 8समिति ने सभी शिक्षिकाओं को मंच पर बुला कर शाल डायरी व उनके नाम लिखे पेन प्रदान कर उन सभी का सम्मान किया। सृष्टि महिला समिति में भी 3 सदस्याएं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़ी हैं उनको भी मंच पर बुलाकर शाल डायरी एवं पेन से सम्मानित किया गया।

## कटघोरा में अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न पाल बनें अध्यक्ष,यदुनंदन को सचिव का दायित्व

**कोरबा ।** 7 मार्च दिन शुक्रवार को कटघोरा के अधिवक्ता संघ का चुनाव शांति पूर्ण संपन्न हुआ। 223 मतदाताओं में कुल 209 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

अधिवक्ता संघ कटघोरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में राजेश पाल अध्यक्ष राजेश पाल, मिहिर सिन्हा उपाध्यक्ष, यदुनंदन जायसवाल सचिव,बी. राम सह सचिव, व्यास नारायण जायसवाल कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय प्रभारी मनोहर एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रेमचंद रात्रे, पी. मनोहर लाल साहू एवं शेहरा परवीन बक्श को निर्वाचित किया गया हैं। अधिवक्ता संघ कटघोरा के चुनाव में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओ ने हिस्सा लिया। इस चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पाल 73, सुनील वर्मा 66, विष्णु चतुर्वेदी 59, ओमप्रकाश यादव 8, उपाध्यक्ष मिहिर कुमार सिंह 141, रामायण दास महंत 64, सचिव श्रीयदुनंदन जायसवाल 94, अमित सिन्हा 82, चम्पाल सिंह 25, सह सचिव बी. राम निषाद 143, माइकल 60, कोषाध्यक्ष व्यास नारायण जायसवाल 107, अब्दुल रहमान खान 75, पुस्तकालय प्रभारी मनोहर एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रेमचंद रात्रे, मनहरन लाल साहू निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। सभी निर्वाचित अधिकारियों को माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।

## पंप हाउस सामुदायिक भवन विस्तार कार्य का किया निरीक्षण

**कोरबा ।** वार्ड क्रमांक 16 पंप हाउस में नगर निगम चुनाव पूर्व उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा स्वीकृत 15 लाख सामुदायिक भवन विस्तार के लिए दिया गया था जिसका कार्य प्रारंभ हो गया है पार्षद रामकुमार साहू, पूर्व एल्डर मैन एस मूर्ति सहित पंप हाउस के गणमान्य नागरिकों के द्वारा सामुदायिक भवन विस्तार का निरीक्षण किया गया ताकि जल्द से जल्द सही ढंग से विस्तार कार्य संपन्न हो सके निरीक्षण दल द्वारा भविष्य में आम जनता की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन विस्तार में नए कार्यों पर विचार किया गया तथा भविष्य में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सामुदायिक भवन विस्तार शेड,पार्किंग व महिलाओं के उत्थान के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र आदि का निर्माण करने पर विचार किया गया ।

निरीक्षण दल में पार्षद रामकुमार साहू, ,दीपू चौधरी,गिरवर राठौर, संतोष केवट, ललित चौबे आदि उपस्थित थे।

# वन कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक में लिए गए कई निर्णय

### राजधानी रायपुर में जुटे कर्मी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक प्रांत अध्यक्ष अजीत दुबे के नेतृत्व में रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा एक स्वर में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कर्मचारी विरोधी कार्यों का विरोध किया गया।

संघ की बैठक में सम्मिलित पदाधिकारियों द्वारा संघ की महत्वपूर्ण मांग वेतनमान में वृद्धि , सेटअप पुनरीक्षण के साथ साथ वर्तमान के ज्वलंतशील समस्या लघु वनोपज संघ में उप वन क्षेत्रपाल के प्रतिनियुक्ति के पदों पर पदोन्नति में आ रही समस्या एवं वनपाल के 33त्न पदों पर सीधी भर्ती करने के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान बाते सामने आई कि पूर्व में लघु वनोपज संघ अंतर्गत उप वनक्षेत्रपाल के प्रतिनियुक्ति के 180 पद पर पदोन्नति होती थी। उक्त 180 पदों को समाप्त कर 180 सहायक प्रबंधक की भर्ती हेतु विज्ञापन निकाला गया था। तत्काल संघ द्वारा विरोध किया गया एवं आंदोलन किया गया।आंदोलन के दौरान संघ के पदाधिकारियों के साथ वनमंत्री एवं पीसीसीएफ की बैठक में 90-90 पद पर समझौता किया गया। वर्तमान अधिकारी जो उस समझौते के समय उपस्थित थे उनके द्वारा समझौते का पालन न करते हुए रोड़ा अटकाया जा रहा हैं।



साथ ही वनपाल का पद जो कि पदोन्नति का पद है उसके नियमों में संशोधन करके 33त्न पदों में सीधी भर्ती के लिए अधिकारियों द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।उपरोक्त मांगो के अतिरिक्त इन ज्वलनशील मुद्दों का मीटिंग में पुरजोर विरोध किया गया तथा आंदोलन में जाने की रणनीति तैयार की गई।बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य, सभी संभाग अध्यक्ष संभाग सचिव, सभी जिलाध्यक्ष जिला सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुपातराई में कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष झा हुए शामिल

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत करतला विकासखंड के ग्राम पंचायत सुपातराई में सत्य निज नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव सत्य श्री कबड्डी दास का आगमन हुआ, जिनके दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालु लाभांवित हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत करतला के उपाध्यक्ष मनोज झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सत्य श्री कबड्डी दास का आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने उद्बोधन में गुरु की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि गुरु अपने शिष्यों को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देते हैं और समाज को नैतिकता और आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करते हैं। इस आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से विश्राम सिंह कंवर सरपंच ग्राम कोठारी, देवी बाई राजवाड़े जनपद सदस्य, संतोष सिंह कंवर अध्यक्ष, श्रीमती यशोदा कंवर, संजू वैष्णव महामंत्री, बसंत पुरी, गौरी बाई, पूरन सिंह, आशा बाई, दामोदर कैतर्ट, पुष्पा केवत, पंच राम, सुशीला, जवाहर लाल, रेवती बाई आदि शामिल हुए। इसके अलावा सत्य निज नाम संप्रदाय के शिष्य बंधु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान गुरुदेव सत्य श्री कबड्डी दास ने अपने प्रवचनों के माध्यम से जीवन में सत्य, ईमानदारी और सदाचार के महत्व को बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण किया और सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर संतोष सिंह कंवर एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया और सत्य मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। यह आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा का महत्वपूर्ण अवसर बना, जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया।

## जिले में बढ़ रहा प्रदूषण का ग्राफ

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी कोरबा में प्रदूषण का स्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कोरबा में एक समय हवा में पीएम 10 का स्तर 500 नापा गया हैं। हाल के दिनों में पॉलुशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा दर्ज किया गया यह सबसे ज्यादा प्रदूषण बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार कोरबा शहर में प्रदूषण की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर हो रही है। लेकिन क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय और इससे जुड़े अधिकारी अपने दायित्वों को नहीं निभा पा रहे हैं।

सबसे बड़े यक्ष प्रश्न प्रदूषण क्यों बढ़ रहा है और इसे कैसे रोका जाए इसे लेकर न तो सार्वजनिक उपक्रमों की बैठक बुलाई जा रही हैं और न ही उनके साथ बैठकर चर्चा की जा रही हैं। इसका व्यापक असर कोरबा के प्रदूषण पर पड़ रहा है। शनिवार को पॉलुशन कंट्रोल बोर्ड की कोरबा में लगी मशीन पीएम 10 का हवा में न्यनूतम स्तर 58 और अधिकतम 500 दर्ज किया।

दीपका क्षेत्र में भी स्थिति खतरनाक कोरबा के साथ-साथ कोरबा-पश्चिम क्षेत्र दीपका में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गई है। शनिवार का दीपका में पीएम 10 का न्यनूतम स्तर 40 और अधिकतम स्तर 356 दर्ज किया गया। कोयला नगरी दीपका में पीएम 2.5 का स्तर भी बेहद खतरनाक बना हुआ है। पीएम 2.5 का स्तर 245 अधिकतम दर्ज किया गया है। हवा की गुणवत्ता खराब होने से इसका सीधा असर लोगों के सेहत पर पड़ रहा है।

# एनटीपीसी कोरबा में फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ विधिवत उद्घाटन,12 टीमें ले रही भाग

**कोरबा ।** उत्साह चरम पर था जब अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता डब्ल्यूआर-फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शानदार उद्घाटन मानसरोवर स्टेडियम, एनटीपीसी कोरबा में हुआ। 8 मार्च से 12 मार्च 2025 तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कोरबा, सीपत, लारा और खरगोन की चार ऊर्जावान टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो खेल कौशल, टीम भावना और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन करेंगी।

इस भव्य उद्घाटन समारोह का नेतृत्व राजीव खन्ना, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी कोरबा ने किया, जिनके साथ महाप्रबंधक (ओएंडएम) श्री बिभास घटक और महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं ऐश डाइक मैनेजमेंट) मनीष वसंत साठे उपस्थित रहे। इस अवसर को और गरिमामय बनाने के लिए मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रोली खन्ना विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थीं।

अतिथियों का पारंपरिक और भव्य स्वागत किया गया, जिसमें करमा नृत्य की प्रस्तुति के साथ उनका मैदान तक आगमन हुआ, जिसके बाद स्कूली बच्चों ने भी उनका अभिनंदन किया। सेल्फी प्वाइंट पर अतिथियों ने यादगार तस्वीरें खिंचवाईं और उन्हें पौधे, अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता बैज और अंगवस्त्रम भेंट किए गए, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बन गया।



उद्घाटन समारोह से पहले, ईडी कोरबा द्वारा टीम जर्सी का अनावरण किया गया, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में जोश और बढ़ गया। चारों प्रतिभागी टीमों का स्वागत प्रतिष्ठित कोसा अंगवस्त्र के साथ किया गया, जो खेल भावना और परंपरा के प्रति एनटीपीसी की गहरी आस्था को दर्शाता है। इसके बाद आधिकारिक टूर्नामेंट लोगो, शुभंकर नंदी और विजेता ट्रॉफी का अनावरण ईडी कोरबा द्वारा किया गया।

शुभंकर नंदी—जिसे भारतीय सांड या गौर के नाम से भी जाना जाता है—छत्तीसगढ़ का राज्य पशु है और यह विलुप्ति के कगार पर है, जिससे इसकी चयन प्रक्रिया दृढ़ता और शक्ति को श्रद्धांजलि देने वाली बन गई। यह अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता-2025 डब्ल्यूआर-द्धद्ध फुटबॉल टूर्नामेंट में आप सभी का स्वागत करते हुए गर्व का क्षण है। एनटीपीसी कोरबा परिवार की ओर से, मैं हमारे सभी सम्मानित अतिथियों, अधिकारियों और विशेष रूप से, अपने कौशल, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

फुटबॉल जुनून, रणनीति और सहनशक्ति का खेल है। यह हमें टीम वर्क, लचीलापन और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है—जो एनटीपीसी की कार्य संस्कृति के साथ पूरी तरह मेल खाती हैं। जिस तरह हम बिजली उत्पादन के लिए एक साथ काम करते हैं, उसी तरह आज हम खेल की शक्ति और सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा का जश्न मनाने के लिए यहां एकत्र हुए हैं।

इस टूर्नामेंट में चार मजबूत टीमें—सीपत, लारा, खरगोन और कोरबा—हिस्सा ले रही हैं। आप सभी अपनी परियोजना का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता की भावना का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम रोमांचक मैच, असाधारण प्रदर्शन और सबसे बढ़कर, खेल भावना को देखेंगे जो हम सभी को गौरवान्वित करेगी।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता डब्ल्यूआर-द्धद्ध की आयोजन समिति को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। खेलों के माध्यम से कर्मचारियों में सौहार्द और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है।

सभी खिलाड़ियों से मेरा यही कहना है कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें, निष्पक्ष खेलें और खेल का आनंद लें। जीत केवल अंतिम स्कोर से नहीं मापी जाती, बल्कि अनुभव, दोस्ती और उन यादों से होती है, जो आप इस टूर्नामेंट में संजोएंगे।

## जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा ने कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन व भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो से की भेंट-मुलाकात

**कोरबा ।** कोरबा जिले के जनपद पंचायत करतला के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मनोज झा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं भाजपा प्रदेश मंत्री विकास रंजन महतो से सौजन्य भेंट-मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने मनोज झा को उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके नेतृत्व की सराहना करी।उक्त भेंट-मुलाकात के दौरान जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा ने करतला जनपद एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश मंत्री से क्षेत्र में आधारभूत संरचना, रोजगार, शिक्षा एवं सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहयोग अपील की। इस अवसर पर उद्योग,वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मनोज झा के नेतृत्व में करतला जनपद के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ जनपद क्षेत्र को दिलाने में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो ने भरोसा दिलाया की करतला क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मनोज झा ने कहा कि मेरे लिए जनता की सेवा सर्वोपरि है। विकास कार्यों को गति देने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो से मिले आश्वासन से निश्चित रूप से करतला जनपद और रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी।

## कोयला कर्मी नाराज

**कोरबा।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा कोयला परियोजना अंतर्गत जिले में संडे ड्यूटी में कटौती से कोयला कर्मी नाराज हैं इस संबंध में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, कोरबा-कुसमुंडा (भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई) के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने मानिकपुर क्षेत्र के उप महाप्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि इस वर्ष की भांति पिछले वर्ष भी मानिकपुर में कोयला उत्पादन लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त किया गया था। यह मानिकपुर के समस्त कर्मचारी अधिकारी एवं ठेका कर्मी के अथक प्रयास से संभव हुआ, जिससे खुशी का महौल होना चाहिए था, परंतु सन्डे ड्यूटी बंद कर खुशी में खलल दाल दिया गया।

# कार्यक्रम आयोजित कर इंडस स्कूल ने मनाया विश्व महिला दिवस

**कोरबा।** समाज में महिलाओं के योगदान व उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विष्वभर में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में नारी सम्मान का पर्व अंतराष्ट्रीय महिला दिवस ,नारी सशक्तिकरण के रुप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रमुख रुप से आमंत्रित अतिथियों-डॉ0 शशि सिंधु (प्रेसिडेंट एसीबी इंडिया लिमिटेड), डॉ0 ज्योति नरवाल , श्रीमती वंदना चौधरी, श्रीमती चंद्रा दहिया विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम अपने-अपने क्षेत्र में सफल महिला अतिथियों को विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रूम्की हालदार एवं श्रीमती अलका वैष्णव के द्वारा तिलक लगाकर एव पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैल्य चित्र परमाल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुई।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथयों के प्रति सम्मान एवं स्नेह प्रकट करते हुए आई0पी0एस0-दीपका की शिक्षिकाओं ने कर्णप्रिय गीत की प्रस्तुति दी।

तत्पश्चात विद्यालय के नृत्य प्रशिक्षक हरि शंकर सारथी एवं रुमकी हलधर के दिशानिर्देशन में आगंतुक महिलाओं ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी जो कि नारी सशक्तिकरण थीम पर आधारित थी। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा भी विश्व भर में नारी की महिमा को मंडित करती नयनाभिराम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आगंतुक महिलाओं के लिए विद्यालय में रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया।इन खेलों में बॉल ऑन द कप गेम का सभी ने भरपूर आनंद लिया।




आगंतुक विशिष्ट अतिथि डॉ0 ज्योति नरवाल ने प्रेरक एवं कर्णप्रिय कविता की प्रस्तुति दी। हरिशंकर सारथी , श्रीमती रूमकी हालदार एवं श्रीमती अलका वैष्णव के द्वारा नयनाभिराम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सुश्री श्रद्धा ने नयनाभिराम कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशेष रुप से आमंत्रित महिलाओं को उनके समाज को दिए अनेक सामाजिक कार्य से संबंधित योगदान हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देष्य से प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि ये वे महिलाएँ जिन्होंने अद्वितीय साहसिक व समाजिक कार्य कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में अतुलनीय योगदान दिया है। विद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर में उपस्थित अभिभावकों में भी गीत एवं नृत्य के माध्यम से विश्व की महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय के शिक्षक श्री सुधीर साहू सर एवं शिक्षिका श्रीमती सोमा चौधरी मैडम के द्वारा कर्ण प्रिय युगल गीत की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम उपस्थित सभी अभिभावकों हेतु स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ0 शशि सिंधु ने कहा कि आज नैतिक शिक्षा अति अनिवार्य है। आज महिलाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ ही साथ स्वावलंबी होना अतिअनिवार्य है।समाज बदलेगा तो परिवार बदलेगा; परिवार बदलेगा तो अच्छे राष्ट्र का निर्माण होगा। नारी ने समस्याओं का सामना करते हुये भी समाज और देश के उत्थान में कोई कसर नहीं छोड़ी है। महिलाएं परिवार बनाती है, परिवार घर बनाता है, घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है। इसका सीधा सीधा अर्थ यही है की महिला का योगदान हर जगह है। महिला की क्षमता को नज़रअंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। डॉ0 ज्योति नरवाल (विशिष्ट अतिथि) ने कहा कि आज का दिन विश्व भर में महिलाओं को सम्मान देने का दिन है। हम आज के ही दिन क्यों महिलाओं के प्रति हमारे हृदय में हमेशा सम्मान रहना चाहिए। कहा भी जाता है -यत्र नारयस्तु पुज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।अत: हमें सदा नारियों का सम्मान करना चाहिए।आज हमें महिलाओं के नाम पर ही सम्मान नहीं अपितु उनके कार्यों एवं उपलब्धियों को देखकर सम्मान करना चाहिए। श्रीमती रेखा सहारन ( विशिष्ट अतिथि) ने कहा कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है।हर साल महिला दिवस पर एक विशेष थीम जुड़ी होती है, जो उस दिन के लिए बहुत बड़ी भूमिका रखती हैं. ऐसे में इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम एक्सीलरेट एक्शन रखी गई है. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाओं का विशेष सहयोग रहा एवं प्राचार्य महोदय डॉ0संजय गुप्ता ने आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ0संजय गुप्ता ने कहा कि आज कोई भी क्षेत्र महिलाओं की उपस्थिति से अछूता नहीं है, वे प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहीं हैं। भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्तव दिया गया हैं। बच्चों में संस्कार भरने का काम माँ के रुप में नारियों के द्वारा ही किया जाता है।नारी प्रकृति की अनुपम देन है; नारी धरती से भी ज्यादा सहनशील है।उसके अंदर हर प्रकार की योग्यताएँ एवं कुशलताएँ भरी हुई हैं। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह ऐहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं।

# विस्थापितों की समस्या को निराकृत करने प्रबंधन गंभीर नही,11 को मुख्यालय में प्रदर्शन

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में कोयला उत्खनन के लिए अपनी पुरखों की जमीन देने वाले माटीपुत्र भू-विस्थापित अर्जन के बाद रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास संबंधी समस्याओं से परेशान बताये जा रहे हैं। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की जब से कोयला खनन हेतु जमीन का अधिग्रहण प्रारंभ हुआ है, तब से आज तक समस्याओं के निराकरण हेतु प्रबंधन गंभीर नहीं रहा है, जिसके फलस्वरुप समस्याओं का अंबार लग गया है। भू-विस्थापितो को रोजगार के लिए कई दशक तक कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद भी रोजगार प्राप्त नहीं हो रहा हैं। आरोप हैं की पुराने अर्जन में 47-48 साल पूर्व अर्जित भूमि के एवज में आज भी रोजगार प्रदान नहीं किया गया है। इतने लंबे समय तक रोजगार प्रदान नहीं करने के कारण उम्मीदवार उम्रदराज बूढ़े हो गए हैं। जिसके कारण उनके पुत्र के द्वारा रोजगार की मांग करने पर संविधान के विरुद्ध अर्जन के बाद जन्म होने का हवाला देकर रोजगार प्रदान नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण भू-विस्थापित त्रस्त एवं बेहाल है।

माटी अधिकार मंच के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास ने जानकारी देते हुए बताया कि अर्जन के बाद जन्म का हवाला देकर केवल भू-विस्थापितों को गुमराह किया जा रहा है। प्रबंधन के अधिकारी रोजगार प्रदान नहीं करने के नियत से ऐसे नियमों का हवाला दे रहे हैं। न्यायालय का आदेश आने के बाद साफ हो गया है कि प्रबंधन के अधिकारी संविधान के विरुद्ध जाकर लोगों को परेशान कर रहे हैं। ज्ञात हो कि गोपाल कृष्ण नामक व्यक्ति को माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार अर्जन के बाद जन्म होने के बाद रोजगार प्रदान किया गया है। इस आदेश के बाद अर्जन के बाद जन्म लिए उम्मीदवार के द्वारा रोजगार की मांग करने पर प्रबंधन के अधिकारी यह तर्क देने लगे कि यह आदेश केवल गोपाल कृष्ण के लिए लागू होता है। आप लोगों को रोजगार प्रदान नहीं किया जा सकता। कुसमुंडा क्षेत्र के एक अन्य भू-विस्थापित हीरालाल के द्वारा किसी कारणवश न्यायालय से केस हार जाने के कारण प्रबंधन के अधिकारी नया तर्क देने लगे की यह पॉलिसी मैटर है। हीरालाल के हार जाने के बाद यह सभी पर लागू होगा। अर्जन के बाद जन्मे व्यक्ति को रोजगार देना न्यायालय की अवमानना होंगी। किसी नए आदेश पक्ष में आने के बाद ही इस पर हमारे द्वारा कार्यवाही की जा सकती है।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा नया आदेश जारीमाननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अर्जन के बाद जन्म लिए व्यक्ति के पक्ष में आदेश दिनांक 18ध्02ध्2025 जारी किया है। यह आदेश कुसमुंडा क्षेत्र के उम्मीदवार राहुल जायसवाल के पक्ष में जारी किया गया है। लंबे समय तक राहुल जायसवाल को अर्जन के बाद जन्म होने का हवाला देकर रोजगार प्रदान नहीं किया जा रहा था। राहुल जायसवाल के पक्ष में फैसला आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि संवैधानिक रूप से अर्जन के बाद जन्मे व्यक्ति भी रोजगार के लिए पात्र हैं, भले ही यह आदेश राहुल जायसवाल के लिए जारी किया गया है। छोटे खातेदार को मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत रोजगार उच्च न्यायालय बिलासपुर का आदेशमाननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने कोरबा क्षेत्र के बुड़बुड़ एवं राहाडीह के किसानों के पक्ष में फैसला देते हुए मध्यप्रदेश पुनर्वास तिथि 1991 के तहत रोजगार प्रदान करने का आदेश पारित किया है। इस आदेश के पारित होने से छोटे खातेदारों के लिए रोजगार का मार्ग खुल गया है।

एसईसीएल-कोरबा क्षेत्र के सरायपाली ओपन खदान के लिए बुड़बुड़ एवं राहाडीह के 550 एकड़ भूमि का अर्जन किया गया था। अर्जन के समय प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अर्जित भूमि के एवज में ग्रामीणों को मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के तहत रोजगार देना तय हुआ था। परंतु आरोप हैं की प्रबंधन के अधिकारी ग्रामीणों के बीच बनी सहमति के विरुद्ध जाकर कोल इंडिया पॉलिसी 2012 के तहत रोजगार देना प्रारंभ कर दिए। ग्रामीणों ने इसका विरोध भी दर्ज कराया एवं आंदोलन भी करते रहे परंतु एसईसीएल के अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारू रहे। पीड़ित माटीपुत्र भू-विस्थापितों को माटी अधिकार मंच ने सहयोग प्रदान किया। माटी अधिकार मंच के सहयोग से ग्रामीणों ने माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में वाद दायर किया।

जिसके फलस्वरुप माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अपने आदेश दिनांक 15.01.2025 में पीड़ितों को मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के तहत 45 दिवस के भीतर रोजगार प्रदान करने का आदेश पारित किया है इस आदेश के पारित होने के बाद छोटे खातेदार के रोजगार पाने का मार्ग खुल गया है।

# नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

**नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप नामदेव सहित 27 अन्य पार्षदों का शपथ, प्रदेश के श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल हुए शामिल**







चांपा। ग्रहण समारोह रविवार 9 मार्च को दोपहर 1 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में इसके आलावा जांजगीर-चांपा लोकस?भा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े विशिष्ट अतिथि तथा छ.ग.
विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चन्देल, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले तथा पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन मंच पर मौजूद थे। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले सहित भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अमर सुल्तानिया, ई. रवि पाण्डेय, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, चुन्नी%लाल साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष संतोष थवाईत, विकास शर्मा, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला सहित अनेक भाजपा नेता
मंचस्थ और सदन में मौजूद थे।
पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव सहित अन्य 27 पार्षदों को स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी एवं प्राधिकृत अधिकारी सुमित बघेल द्वारा पद की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश के श्रम, वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी पार्षदों व अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में नगरपालिका के विकास को भी गति मिलेगी। निर्वाचित सभी लोग अपनी जवाबदारी का निर्वहन करते हुए विकास कार्यों को आम जनों तक पहुंचना है यह आप सभी को याद रहे उन्होंने कहा कि जनता के हितों के लिए ही जनप्रतिनिधि का चयन होता है इसलिए विकास कार्यों की गति को बढ़ाना आप सब की जिम्मेदारी है।
सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही पीएम मोदी की गारंटी को पूरा किया, जिससे पालिका में भाजपा को सरकार बनाने में सफलता हासिल हुई। पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने शपथ लेने के पश्चात शहर विकास के कामों को पूर्ण कर जनता के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष सहित सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को तीन बार 9-9 के क्रम में प्राधिकृत अधिकारी व एसडीएम सुमित बघेल ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन भास्कर शर्मा ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर ने किया।
शपथ ग्रहण समारोह के इस मौके पर भीमराव अंबेडकर सभा भवन पूरी तरह से भरा हुआ था जहां नगर की महिला एवं पुरुषों ने प्रदीप नामदेव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पधारे थे। इस मौके पर मनहरण राठौर,अमरनाथ सोनी,पुरुषोत्तम शर्मा,नंद किशोर देवांगन, संतोष सिंह, मंगल देवांगन अनिल मोदी,राज अग्रवाल, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जांजगीर और चांपा में भाजपा तो अकलतरा में कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने





**जांजगीर चांपा।** नगर पालिकाओं के उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। जिले 3 नगर पालिका में से 2 में भाजपा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं नगर पालिका में कांग्रेस ने कुर्सी पर कब्जा किया। भाजपा के मोहन यादव जांजगीर नैला में तो अमरजीत सिंह खटकर चाम्पा में उपाध्यक्ष चुने गए। अकलतरा में कोस के दिवाकर राणा ने जीत दर्ज की।
जिले के जांजगीर नैला, चाम्मा और अकलतरा नगर पालिका में रविवार 9 मार्च को अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। नवनिर्वाचित पार्षदों ने मतदान कर उपाध्यक्ष की कुर्सी का फैसला किया। पार्षदों की संख्या के आधार पर भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही थी। लेकिन अकलतरा में क्रॉस वोटिंग के चलते भाजपा के उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। नगर पालिका जांजगीर नैला में उपाध्यक्ष की कुर्सी के लिए भाजपा के मोहन यादव और कांग्रेस के विष्णु यादव के बीच मुकाबला हुआ। पालिका अध्यक्ष चित्ररेखा गढ़वाल और 25 वार्ड के पार्षदों ने मतदान किया। मोहन यादव को 16 वोट मिले, वहीं विष्णु यादव 9 वोट ही हासिल कर पाए। यहां 1 वोट रिजेक्ट भी हुआ। इस तरह भाजपा के मोहन यादव उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इधर नगर पालिका परिषद चाम्पा में भाजपा के अमरजीत सिंह खटकर और कांग्रेस के दुर्गा प्रसाद कुरें के बीच उपाध्यक्ष की कुर्सी के लिए मुकाबला हुआ।
अमरजीत ने 16 मत्त प्राप्त प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि दुर्गा प्रसाद 11 वोट ही जुटा सके। अकलतरा नगर पालिका में कॉस वोटिंग के कारण भाजपा के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। यहां कांग्रेस की ओर से दिवाकर सिंह राणा तो भाजपा की ओर से मुरलीधर मिश्रा मैदान में थे। मुरलीधर मिश्रा के पक्ष में 8 तो दिवाकर सिंह राणा के पक्ष में 13 बोट आए। इस तरह दिवाकर सिंह राणा लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। जीत के बाद सभी जगह विजेताओं के समर्थकों ने जश्न मनाया।

**अकलतरा में भाजपा की क्रॉस वोटिंग**

नगर पालिका परिषद अकलतरा में नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन में कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी बनाए गए दिवाकर सिंह राणा ने 13 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी मुरलीधर मिश्रा 8 वोट ही प्राप्त कर सके। इस तरह दिवाकर राणा दूसरी बार नगर पालिका उपाध्यक्ष बने। अकलतरा समर पालिका के 20 वाडों में से 12 पार्षद भारतीय जनता पार्टी के तो 6 पार्षद कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित हुए हैं। वहीं 2 वाहों पर निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। भाजपा के 12 पार्षद होने पर ऐसा माना जा रहा था कि नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर भाजपा उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित है लेकिन कांग्रेस के प्रत्यासी दिवाकर सिंह राणा ने 8 के मुकाबले 13 मत प्राप्त कर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। माना जा रहा है कि विधायक राघवेद कुमार सिंह के रणनीतिक कौशल के चलते नगर काग्रेस पार्टी के पास अल्पमत होने के बावजूद नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस दिवाकर सिंह राण की जीत सुनिश्चित हुई है। बार पालिका उपाध्यक्ष पद पर दिवाकर सिंह राणा की जीत के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी रंग गुलाल एवं मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया गया एवं नगर में विजय रैली निकाली गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर दीवाकर सिंह राणा भी यह दूसरी जीत है। इससे पूर्व 2019 में भी दीवावकर सिंह राणा को काग्रेस पार्टी की और से उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया था। उस वक्त कांग्रेस के 8 पार्षद एवं 3 निर्दलीय पार्षदों के मत के चलते अपने प्रतिद्वंद्वी को 11-10 से पराजित कर पहली बार नगर पालिका उपाध्यक्ष बने है।

## नाबालिक बालिका का अपहरण कर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** गत दिनांक 08.03.2025 को सुबह नाबालिक बालिका स्कूल जा रही थी तभी आरोपी राहुल साहू उर्फ गुपेश कुमार साहू के द्वारा रास्ते मे जबरन इक्को कार में बैठाकर भगा ले जाने की सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा मे अपराध क्रमांक 81/2025 धारा 137 (2)बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।



नाबालिक पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी व अपहृता की पतासाजी के दौरान आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया जिसके कब्जे से नाबालिग बालिक व घटना मे प्रयुक्त इक्को कार को बरामद किया जाकर आरोपी को हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर नाबालिग बालिका को जबरदस्ती अपने इक्को कार मे बैठाकर छेडखानी करना जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 09.03.2025 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।
उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, सउनि डी.एल बरेठ, आरक्षक बृजपाल बर्मन, ओमकार मरावी, महिला आरक्षक रश्मि भदौरिया का सराहनीय योगदान रहा।

## घर में सो रहे बुजुर्ग की हत्या, दूसरे कमरे सो रही पत्नी को भनक तक नहीं लगी

**बलौदा ।** अपने मकान के कमरे में सो रहे अधेड़ की खून से सनी हुई लाश उसके बिस्तर में मिली है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई। कुछ संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस के अनुसार बलौदा के वार्ड क्रमांक 2. झाझड़िया पेट्रोल टंकी के पास हरदीबाजार रोड में दशरथ बंजारे पिता सखा राम बंजारे (55) अपने परिवार के साथ रहता था। मकान में दो कमरे हैं। जहां एक कमरे में दसरथ बंजारे सो रहा था और दूसरे कमरे में उनकी पत्नी छीता बाई अपने नाती-नातिन के साथ सो रही थी। जब रविवार की सुबह दसरथ बंजारे समय में नहीं उठा तो उसकी पत्नी उसे उठाने गई तो चादर उठाकर देखी उसकी होश उड़ गई। दसरथ के सिर में काफी गहरी चोट व खून पूरा जमीन में गिरा था। दशरथ मृत अवस्था में खाट में ही पड़ा हुआ था। बुजुर्ग महिला ने इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। पड़ोसियों की मदद से थाने में इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव सदलबल घटना स्थल पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। हथियार को पुलिस द्वारा जब्ती किया गया। साथ ही जहां पर दसरथ सोया था, वहां पर और कई संदिग्ध सामग्री मिले हैं। जिसे पुलिस द्वारा जब्त कर जांच में जुटी गई है। मामला हत्या का है, इसलिए बलौदा पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड को भी बुलवाया गया था, लेकिन डॉग स्क्वायड की टीम थोड़ा दूर जाकर भटक गया। ज्यादा कुछ सफलता डॉग स्क्वायड की टीम से नहीं मिली। साथ ही फॉरेंसिक जांच टीम भी घटना स्थल पहुंची। जहां टीम के द्वारा बारीकी से खून बिस्तर में और जमीन में फैला था, इसका सेम्पल लिया गया, साथ ही फिंगरप्रिंट सहित मृतक के बिस्तर और कुछ बचाव या आत्मरक्षा की बात को विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही बहुत सारी पहलुओं की जांच की जा रही है। इसके बाद शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल बलौदा पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला सूर्यास्त नाम मेने का ही है।

## महिलाओं को कैसी सौगात, सस्ता ब्लेंडर, महंगा सिलेंडर : अर्जुन

**सक्ती ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्रीय दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के सक्ती जिला के जिला अध्यक्ष अर्जुन राठौर ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं सुरक्षा, की सम्मान बीजेपी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार महिलाओं को सस्ता सिलेंडर देने का दावा करती है, लेकिन दूसरी ओर ब्लेंडर शराब को सस्ता करके महिलाओं के जीवन को और मुश्किल बना दिया है। राठौर ने कहा कि यह सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए क्या कर रही है, बिहार के रोहतास जि़ले में छत्तीसगढ़ की बेटियों के साथ हो रहे शोषण के मामले इस सरकार की विफलता को उजागर करते हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सारागांव।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी राधेश्याम सारथी निवासी पचोरी थाना सारागांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 मार्च की रात 9 बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था। तभी आरोपी दुर्गेश कुमार सूर्यवंशी, राजकुमार सूर्यवंशी एवं विनोद कुमार सूर्यवंशी तीनों एक राय होकर घर के सामने आकर पुरानी रंजीश की बात को लेकर गाली गलौज कर रहे थे। जिसको मना किया तो तीनों एक राय होकर बड़ा पंच का चुनाव लड़ रहा था कहते हुए गाली गलौज करने लगे। दुर्गेश कुमार सूर्यवंशी द्वारा लोहे का धारदार कत्ता रखा था। जिससे मारने की धमकी देकर लहराकर डरा धमका रहा था। राजकुमार सूर्यवंशी एवं विनोद कुमार सूर्यवंशी द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। इसकी रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना सारागांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश कुमार विजेन्द्र, राजकुमार सूर्यवंशी एवं विनोद कुमार सूर्यवंशी को उनके घर से पकड़ा। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक सावन कुमार सारथी एवं सारागांव थाना स्टॉफका योगदान रहा।

## चंडीपाराः सर्वसम्मति से रमेशचंद्र यादव को चुना गया उपसरपंच

**चंडीपारा।** जनपद पंचायत पामगढ़ के चंडीपारा में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से चंडीपारा मे रमेश यादव को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया, जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित सरपंच तोषित रात्रे और उपसरपंच रमेश यादव ने सभी पंचों व सरपंच के समर्थन मिलने पर कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के पुरा करेंगे व पंचायत के विकास मे कोई कमी नहीं करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने खिलाड़ियों, विभिन्न विधाओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, सेल्फी विथ मदर प्रतियोगिता की महिलाओं का किया सम्मान**

**जांजगीर-चांपा ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन रन फॉर वुमन एंपावरमेंट, महिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह, सेल्फी विथ मदर प्रतियोगिता, महिला जन जल जागरुकता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत आज प्रातः 7 बजे मिनी मैराथन (रन फॉर वुमेन इंपावरमेंट) कचहरी चौक से हाई स्कूल मैदान तक आयोजित किया गया। इसके साथ ही हाई स्कूल मैदान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर नुक्कड़ नाटक एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसका मूल उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा की बेटी-बेटा एक बराबर है, अगर बेटियों को अवसर मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति समाज के हर फील्ड में बेटों के बराबर है और बेटियां बेटों से बेहतर कर सकती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, बेटियां जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जांजगीर के ऑडिटोरियम में महिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि महिलाओं को सभी क्षेत्रों में विशेष कर स्वास्थ्य और शिक्षा में समान अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र का संकल्प लेकर हम सभी को मिलकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर मिलने से हमारे समाज को एक अच्छी दिशा मिली है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ



बेटी पढ़ाओं योजनांतर्गत बालिकाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति देकर मंच मोह लिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्हे बच्चों की दी गई प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा ओजस्वी झांकी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी विजेताओं एवं महिलांओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं ने संबोधित किया और अपने विचारों से सभी को प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।
इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं न केवल घर की जिम्मेदारी संम्हाल रही है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भता बनने के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। डॉक्टर पायल चौधरी ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला के लिए जरूरी है कि वह आगे बड़े और आगे बढ़कर अपने मुकाम को हासिल करें। राजनीति, खेल, साहित्य सहित फिल्म इंडस्ट्रीज में अपने मजबूती के साथ पैर जमाये हुए है और यह सब हो सका है शिक्षा के माध्यम से। आज सभी महिलाओं को समानता का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर बच्चियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और उनकी सुरक्षा पर ध्यान दे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, पूर्व जिला पंचायत श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, श्रीमती आशा साव, श्रीमती प्रीति दिव्य, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, अध्यक्ष जिला महिला उत्पीड़न समिति श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय, श्रीमती प्रमिला चंदेल, अधिवक्ता उषा सांडिल्य, पार्षद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में बालिकाएं-महिलाएं उपस्थित थी।

**सेल्फी विथ मदर में सुलेश्वरी को मिला प्रथम स्थान**

जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य सोशल मीडिया के माध्यम से सेल्फी विथ मदर का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के नागरिकों ने बढ़चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी निभाई और अपनी मां के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर ''सेल्फी विथ मदर'' हैसटैग के साथ प्रविष्टिया आमंत्रित की गई थी। जिनमें बड़ी संख्या में लोगो ने अपनी मां के साथ फोटो को पोस्ट किया। इनमें से तीन प्रविष्टियों का चयन समिति के द्वारा किया गया। जिन्हे ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। पहला पुरस्कार श्रीमती सुलेश्वरी यादव, दूसरा पुरस्कार श्रीमती जयंती यादव एवं तीसरा पुरस्कार श्रीमती सुमन दुबे को मिला।


**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश वर्मा पिता श्रीचंद वर्मा निवासी रानीसागर पारा सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के शीट नंबर 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/12 क्षेत्रफल 2018 वर्ग फिट कृष्णकुमार पिता रामजी लाल देवांगन के नाम पर दर्ज है। 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/12 क्षेत्रफल 2018 वर्ग फिट में से 86.4 वर्ग फिट को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.01.2025 के माध्यम से कृष्णकुमार पिता रामजी लाल देवांगन से क्रय किया गया है। क्रय सुदा भू-खण्ड को अपने नाम पर दर्ज करने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
आवेदित भूमि को आवेदक आकाश वर्मा पिता श्रीचंद वर्मा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 12.03.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-सी | 28/12 में से | 86.44 वर्ग फिट |

(सील) तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पिंकी अग्रवाल पति संजयकुमार अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 09 सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के शीट नंबर 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/12 क्षेत्रफल 2018 वर्ग फिट कृष्णकुमार पिता रामजी लाल देवांगन के नाम पर दर्ज है। 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/12 क्षेत्रफल 2018 वर्ग फिट में से 196 वर्ग फिट को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.01.2025 के माध्यम से कृष्णकुमार पिता रामजी लाल देवांगन से क्रय किया गया है। क्रय सुदा भू-खण्ड को अपने नाम पर दर्ज करने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
आवेदित भूमि को आवेदक पिंकी अग्रवाल पति संजयकुमार अग्रवाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 12.03.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-सी | 28/12 में से | 196 वर्ग फिट |

(सील) तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश वर्मा पिता श्रीचंद वर्मा निवासी रानीसागर पारा सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के शीट नंबर 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/11 क्षेत्रफल 2450 वर्ग फिट संतोषकुमार पिता रामजी लाल देवांगन के नाम पर दर्ज है। 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/11 क्षेत्रफल 2450 वर्ग फिट में से 518 वर्ग फिट को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.01.2025 के माध्यम से कृष्णकुमार पिता रामजी लाल देवांगन से क्रय किया गया है। क्रय सुदा भू-खण्ड को अपने नाम पर दर्ज करने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
आवेदित भूमि को आवेदक आकाश वर्मा पिता श्रीचंद वर्मा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 12.03.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-सी | 28/11 में से | 518 वर्ग फिट |

(सील) तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पिंकी अग्रवाल पति संजयकुमार अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 09 सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के शीट नंबर 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/11 क्षेत्रफल 2450 वर्ग फिट संतोषकुमार पिता रामजी लाल देवांगन के नाम पर दर्ज है। 21-सी के भू-खण्ड क्रमांक 28/11 क्षेत्रफल 2450 वर्ग फिट में से 196 वर्ग फिट को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.01.2025 के माध्यम से संतोषकुमार पिता रामजी लाल देवांगन से क्रय किया गया है। क्रय सुदा भू-खण्ड को अपने नाम पर दर्ज करने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
आवेदित भूमि को आवेदक पिंकी अग्रवाल पति संजयकुमार अग्रवाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 12.03.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-सी | 28/11 में से | 196 वर्ग फिट |

(सील) तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बसंत कुमार अवाल पिता बिसाहू लाल अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 05 सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के शीट नंबर 20 के भू-खण्ड क्रमांक 07 (मेन्टेनेंस खसरा नंबर 909/1-909/3) क्षेत्रफल 283 वर्ग मीटर अजीतराम वल्द गनेशराम चन्नाहू के नाम पर दर्ज है। शीट नंबर 20 के भू-खण्ड क्रमांक 07 (मेन्टेनेंस खसरा नंबर 909/1-909/3) 1870 वर्ग फिट को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 12.03.1996 के माध्यम से पुनीराम पिता अजीतराम चन्द्रा से क्रय किया गया है। क्रयसुदा भू-खण्ड को अपने नाम पर दर्ज करने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
आवेदित भूमि को आवेदक बसंत कुमार पिता बिसाहूलाल अग्रवाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 12.03.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 24.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 20 | 07 | 1870 वर्ग फिट |

(सील) तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा, सोमवार, 10 मार्च 2025



## अनमोल वचन......

जिस व्यक्ति के पास कल्पना नहीं है उसके पास पंख नहीं हैं.

## शैक्षणिक छवि की चिंता का समय, भारत अपने संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे

*ओडिशा स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलाजी (केआईआईटी) में नेपाली छात्रा की असामयिक मृत्यु न केवल दुखद और संवेदनशील मामला है, बल्कि यह भारत की शैक्षणिक व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। केंद्र सरकार ने इसकी जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है और पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय का भरोसा दिलाया है। इसके बाद करीब 1000 नेपाली छात्र केआईआईटी वापस लौटे हैं, लेकिन यह मामला केवल न्यायिक जांच तक सीमित नहीं रह सकता। इसके दो पहलू हैं, जिन पर भारत के नीति-निर्माताओं को विचार करने की आवश्यकता है। पहला, नेपाल बीते वर्षों में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से बदल चुका है।भारत को इन बदलावों का संवेदनशीलता से आकलन करना होगा। दूसरा, यदि भारत को दक्षिण एशिया में शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है तो अंतरराष्ट्रीय छात्रों, विशेषकर अपने पड़ोसी और मित्र देशों के विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और समावेशी शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करना होगा। इस तरह की घटनाएं इन देशों के साथ हमारे रिश्तों में दरार पैदा कर सकती हैं। चीन जैसे देश जो लंबे समय से नेपाली युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे अवसरों का उपयोग भारत की छवि को कमजोर करने और अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। इसलिए आवश्यक है कि भारत अपने शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा और समावेशिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। साथ ही नस्ली, लैंगिक और सांस्कृतिक संवेदनशीलता को संस्थागत ढांचे का अभिन्न अंग बनाए, ताकि सभी छात्र भयमुक्त माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें। नेपाल भारत का एक खास पड़ोसी देश है। वह चाहे एक साझा संस्कृति की बात हो या सामाजिक और धार्मिक समानता, भाषा की या फिर लोगों के बीच आपसी संबंध की। भारत और नेपाल के बीच सामरिक ही नहीं, बल्कि एक मजबूत साझा सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक, सैन्य, शिक्षा, खुली सीमा और लोगों के बीच पारस्परिक संबंध हैं। शायद यही कारण रहा है कि संबंधों में यदा-कदा मन मुटाव के बावजूद बातचीत का माहौल हमेशा से बना रहा है। पिछले दो दशकों में नेपाल के राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव आए हैं। इसके चलते नेपाल एक संवेदनशील देश बन चुका है। इसका असर भारत-नेपाल संबंधों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। हम इस प्रयास में हैं कि चीन जैसी ताकत नेपाल के रास्ते भारत के राष्ट्रीय हितों को नुकसान न कर सके। एक समय था जब नेपाली छात्रों और कामगारों के लिए भारत ही प्रमुख गंतव्य हुआ करता था। खुली सीमा के कारण भारत आना-जाना न केवल आसान, बल्कि किफायती भी था। भारत सरकार की छात्रवृत्तियां नेपाली विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर खोलती थीं, लेकिन बीते दो-तीन दशकों में यह स्थिति काफी बदल गई है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

**वृष राशिः** आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन राशिः** आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए।

**कर्क राशिः** आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है।

**सिंह राशिः** आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों कोमजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

**धनु राशिः** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

**मकर राशिः** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

**मीन राशिः** आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

# क्रुर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे

//ललित गर्ग//

**फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। मुगल बादशाह औरंगजेब की क्ररता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो।**

इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है। भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है। इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रुरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी। उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रुरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये। असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है।

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर जज़िया वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रुर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं।शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं। औरंगजेब की क्रुरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रुरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा। मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

# सत्र बिना खर्च विरोध प्रदर्शन का बड़ा मंच

//सुरेश शर्मा//

**सत्र चाहे लोकसभा का हो या विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं का उसके मायने ही बदल गये। पहले के दौर की बात करें तो विधायक सवाल पूछने की तैयारी करते थे। अपने सभी सूत्र खंखालते थे। सवाल पूछवाने के लिए लोग भी विधायक के पास पहुंचते थे। उत्साह का वातावरण होता था। दूसरी तरफ सरकार सवाल का समय आने पर सर्त्तक हो जाती थी। अधिकारियों में एक विशेष प्रकार का डर दिखता था। कुछ खास किस्म के कर्मचाारियों को जवाब तैयार करने के लिए लगाया जाता था।**

वे फाइलों को इसलिए खंखालते थे क्योंकि यदि विधायक ने कुछ अतिरिक्त पूछ लिया तो। मंत्री को हर स्थिति के लिए तैयार किया जाता था। मंत्री की भी ब्रिफिंग की जाती थी। मतलब यह है कि विधानसभा सत्र आने से पहले ही प्रशासन दुरूस्त हो जाता था। एक होता है काम रोको प्रस्ताव। अपने ही दल के विधायकों में इस बात की होड़ लगती थी कि इस विषय की सूचना सबसे पहले कौन दे। गेट के सामने कतारें लगती थी। जाने-माने विधायक सुबह-सुबह गेट के पास दिख जाते थे। मीडिया भी यह देखता था कि स्थगन में किसका नाम पहले पढ़ा गया। लेकिन आजकल यह सब गायब हो गया। चलो तकनीक का युग है लेकिन इसमें भी मंत्रालय की हलचल भी क्यों गायब हो गई। अब तो अधिकारी लम्बी तानकर सो रहे हैं। विधायक सवाल ही अब क्षेत्रीय अधिकारियों से पूछकर लगाते हैं। कई बार तो सवाल पूछकर या ध्यानाकर्षण लगाकर चर्चा के समय गायब हो जाते हैं । बड़ा बदलाव आ गया। अब सरकार केवल दो ही विषयों पर सोचती है कि सरकारी कामकाज पर सदन की मुहर लगवा ली जाये। विधानसभा अध्यक्ष उसमें सरकार की मदद करते हैं। वे हंगामें के समय महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हां की जीत हुई, हां की जीत हुई कह कर पारित कर देते हैं। न कोई बोलता चाहता है न कोई इस बात पर रूचि रखता है कि कोई बोले। सत्र समाप्त करने की मानसिकता शुरू होने वाले दिन से ही प्रभावी हो जाती है? आखिर सरकार का यह बेरूखापन क्यों है? यहां विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही संदिग्ध है। विपक्ष की मंशा सरकार को घेरने की बिलकुल ही नहीं है। उसकी सोच हो गई है कि जितने दिन भी सत्र चले अपने एजेंडे को पूरा किया जाये। क्योंकि बिना किसी भी खर्च के विरोध प्रदर्शन करने का सबसे सुलभ मंच विधानसभा का सत्र होता है। इसमें जिसे सुनाना है वह सरकार भी है। जिससे लिखवाना है वह मीडिया भी है। भीड़ जुटाने की मेहनत भी नहीं है। इन सभी बातों से लोकतंत्र की मर्यादा खत्म हो रही है। विपक्ष हंगामा करता है। मीडिया विरोध तलाशता है और अधिकारी चैन की तान कर सोता है। क्योंकि उसका आडिट ही नहीं हो रहा है। सरकार अपना काम कराकर सत्र समाप्त करने की फिराक में रहती है। इन सभी परिस्थितियों के बीच मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र आ ही रहा है । विपक्ष इसी प्रकार की योजना बना रहा है। सरकार को सदन में घेरने का मतलब होता था सवालों से निरूत्तर करना। अब अपने राजनीतिक एजेंडे पर हंगामा करना सरकार को घेरना हो गया। चलो एक खेला देखने के लिए तैयार हो जाते हैं।

# गले मिलने से नहीं गले पडने़ से गढ़ जीते जाते हैं

//अन्ना दुराई//

छोटा हो या बड़ा, हर देश का अपना मान सम्मान होता है। बात जब स्वाभिमान की हो तो न आगे देखा जाता है न पीछे। न पक्ष होता है न विपक्ष। समूचे नागरिकों का विश्वास अपने नेतृत्व के साथ जुड़ा होता है। अपने देश का पक्ष मजबूती के साथ रखने की भावना एक दूसरे में होती है। हर नेता अपने राष्ट्र की आन बान और शान के लिए जी तोड़ प्रयास करता है। वो हर हाल में अपने नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष करता है। अपना नहीं अपने नागरिकों के भले की नियत होती है। दो देशों के नेता जब आपस में बात करते हैं तो सबकी निगाह उनपर टीकी होती है। सबने देखा, गलत बयानी करने पर अमरीकी राष्ट्रपति को एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष का हाथ पकड़ कर रोक देना। हाल ही में अमरीकी राष्ट्रपति और यूक्रेन प्रमुख की तीखी तकरार ने तो झकझोरने और इससे कुछ सीखने का रास्ता दिखाया है। कभी कभी सूट बेरंग हो जाता है और कभी कभी टीशर्ट पार्टी लूट लेता है। इसलिए सच को सच और झूठ को झूठ कहने का साहस भारत को जुटाना होगा। हमारे यहाँ इन दिनों काम के लिए कम और नाम के लिए कुछ ज्यादा ही होने लगा है। यहाँ झूठी प्रशंसा के पूल बांधे जाते हैं। हमारे राष्ट्र प्रमुख जब अन्य किसी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से मिलते हैं तो जनता के समक्ष बेकार की बातें ही परोसी जाती है। हमारे यहाँ सफलता का पैमाना बड़ा ही हास्यास्पद सेट कर दिया गया है। हमारे देश के प्रमुख से कोई हाथ मिलाने के साथ साथ यदि गले मिल ले तो ऐसे प्रचारित होता है मानों गढ़ जीत लिया हो। हमारे देश के प्रमुख को कोई बाहर तक रिसिव करने आ जाए या कुर्सी सरकाकर आदरपूर्वक बिठा दे तो मिठाई बंट जाती है। हर देश के आदर सत्कार के अपने अपने नियम होते हैं। उसी दायरे में सामान्य शिष्टाचार सभी के साथ निभाया जाता है लेकिन हंसी आती है जब ऐसी छोटी मोटी बातों पर सभी का ध्यान भटका दिया जाता है। अपने देश और अपने नागरिकों के लिए क्या किया, सब गौण हो जाता है। व्यक्तिगत महिमा मंडन से मसले हल नहीं होते। इसके लिए नीतियों पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखने से राष्ट्र का भला होता है। कार तक छोडने़ आने और कार में ससम्मान बिठा कर विदा करने से कुछ नहीं होता। अपने देश की धरती पर उतरते वक्त हम अपने नागरिकों के लिए क्या लाए हैं, यह महत्वपूर्ण होता है। व्यक्तिगत प्रशंसा के लिए देश को दाव पर लगा देना, सामने वाले की हर बात पर मौन रहकर सिर हिलाना किसी भी मायने में उचित नहीं है। हमें तो वो दिन देखना है जब भारत के हितों के लिए, उसके आत्म सम्मान के लिए मुद्दों पर एक दूसरे के बीच संघर्ष होगा। सिर्फ निजी वाहवाही के लिए नहीं बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का कद गर्व से ऊंचा करने के प्रयास होंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



पटना में आरक्षण की मांग को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद में अहमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक के स्वर्णिम शताब्दी समापन महोत्सव में शामिल हुए।



भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कोलकाता में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध रैली में हिस्सा लेते हुए।



हैदराबाद के नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में पद्मशाली महासभा के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी।



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक युवती पारंपरिक तरीके से बसंत उत्सव (होली) मनाती हुई।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी और आईआईएम नागपुर में गोल्फ अकादमी और लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के साथ अगरतला पहुंचने पर नागरिकों से बातचीत करते हुए।

# हर वोट की अहमियत, इसकी पवित्रता की रक्षा की जानी चाहिए

# यूपी पंचायत चुनाव से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नईदिल्ली, 10 मार्च [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में चुनावी लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान और प्रत्येक मत की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है कि हर वोट का अपना महत्व है, भले ही चुनाव के अंतिम परिणाम पर उसका कोई भी प्रभाव हो। इसकी पवित्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की तहसील हंदिया के चक साहिबाद में ग्राम प्रधान चुनाव में हुई विसंगतियों को उजागर करते हुए दोबारा मतगणना का आदेश दिया है।शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अदालत इस बात से चिंतित नहीं है कि सत्ता में कौन है, बल्कि इससे कि कोई सत्ता में कैसे आया। यह प्रक्रिया संवैधानिक सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुसार होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो उस व्यक्ति को सत्ता से वंचित किया जाना चाहिए और लोगों की ओर से फैसला लेने की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू होनी चाहिए। यह अहम फैसला जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने विजय बहादुर बनाम सुनील कुमार के मामले में दिया है। फैसले में चुनावी लोकतांत्रिक प्रणाली में लोगों के महत्व को उजागर किया गया है। जस्टिस करोल ने फैसले की शुरुआत 31 अक्टूबर 1944 के विंस्टन चर्चिल के कोट से की है जिसमें कहा गया था कि लोकतंत्र को दिए जाने वाले सभी सम्मानों के मूल में वह छोटा आदमी है, जो एक छोटी सी पेंसिल के साथ छोटे से बूथ में प्रवेश करता है, कागज के एक छोटे से टुकड़े पर एक छोटा सा क्रास बनाता है। कोई भी बयानबाजी या बड़ी चर्चा संभवतः उसके अत्यधिक महत्व को कम नहीं कर सकती। इसके बाद फैसले में नवंबर 1863 का अब्राहम लिंकन का कोट उद्धृत किया है जिसमें कहा गया था जनता की, जनता द्वारा, जनता के लिए सरकार। पीठ ने फैसले में कहा कि बेशक इस अवधारणा के केंद्र में जनता है। भारतीय संवैधानिक दृष्टिकोण इस स्थिति की मिसाल है, जिसमें लोकतांत्रिक शासन की शुरुआत से ही हमारी शासन प्रणाली में वयस्क मताधिकार को अपनाया गया है।



हरेक चुनाव में जनभागेदारी, समानता और वोट की अखंडता के मूल्यों को बनाए रखना संविधान निर्माताओं के सोच का प्रमाण है।कोर्ट ने कहा कि संसदीय प्रणाली में जनप्रतिनिधियों को चुनने की बात की जाए तो प्रत्येक नागरिक समान है। जबकि अन्य परिदृश्यों में हो सकता है कि वे बराबर न हों, इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे कि वर्ग और जाति विभाजन जो अभी भी गहराई से जड़ जमाए हुए हैं, लैंगिक असमानता, जागरूकता की कमी और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अवसर की कमी आदि।कोर्ट ने जनप्रतिनिधियों को चुनने में सभी नागरिकों की समानता की बात करते हुए कहा कि यह क्षणिक समानता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह संवैधानिक तंत्र के माध्यम से सभी के लिए समानता की आकांक्षा की प्राप्ति को दर्शाती है। कोर्ट ने मौजूदा मामले में कहा कि यह चतुरकोणीय मुकाबला था। प्रधान के पद के लिए चार लोग चुनाव लड़ रहे थे। चार में से तीन व्यक्तियों ने हलफनामे के जरिये चुनाव की शुचिता पर संदेह जताया और मतों की पुनर्गणना का समर्थन किया है। यह भी रिकार्ड में आया है कि अंतिम विजेता को लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर प्रयास किए गए जैसे कि अपीलकर्ता को मतदान क्षेत्र के आसपास से हटाने के लिए पुलिस बल का प्रयोग करना।पीठ ने कहा कि मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों की डायरी, जो मतदान का रिकार्ड रखने वाला एक जरूरी दस्तावेज है, काफी प्रयास के बावजूद नहीं मिल पाई। चुनाव में उम्मीदवार दिनभर मतदान पर नजर रखना चाहता है और उसके रिकार्ड का निरीक्षण करना चाहता है, जिससे उन्हें इनकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अगर पीठासीन अधिकारियों के रिकार्ड गायब हैं और उन्हें सत्यापित नहीं किया जा सकता है तो ये स्थापित माना जा सकता है कि अंतिम निष्कर्ष संदिग्ध है।शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव से जुड़ा प्रत्येक दस्तावेज महत्वपूर्ण है और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए।कोर्ट ने कहा कि मौजूदा चुनाव 2021 में हुआ था और चार साल बाद इस फैसले के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया का समापन हुआ है। चार में से तीन उम्मीदवारों ने चुनाव की सत्यता और उसे संचालित करने के तरीके पर सवाल उठाया है। चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब हैं और गायब होने का कोई स्पष्टीकरण नहीं है। मौजूदा तथ्यों को देखते हुए पुनः मतगणना न्यायोचित होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने विजय बहादुर की अपील स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट का फैसला निरस्त कर दिया है और पुनः मतगणना का एसडीएम का आदेश बहाल किया है।इस मामले में याचिकाकर्ता विजय बहादुर 37 मतों से ग्राम प्रधान का चुनाव सुनील कुमार से हार गए थे। विजय बहादुर ने आरोप लगाया था कि पीठासीन अधिकारी ने मौखिक रूप से उसे बताया था कि तीन मतदान केंद्रों पर 1,194 वोट डाले गए, जबकि बाद में चुनाव फार्म (फार्म 46) में 1,213 वोट डाले जाने की बात दर्शाई गई। यानी कि पीठासीन अधिकारी द्वारा डाले गए मतों का बताया गया मौखिक विवरण और चुनाव प्रपत्र में डाले गए कुल वोटों के बीच 19 मतों का अंतर था।

इस मामले में एसडीएम ने 31 अक्टूबर 2022 को पुनः मतगणना का आदेश दिया था। लेकिन हाई कोर्ट ने 27 जनवरी 2023 को पुनः मतगणना का एसडीएम का आदेश रद कर दिया था। हाई कोर्ट ने पुनः मतगणना के लिए दस्तावेजी साक्ष्यों को अपर्याप्त माना था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपील पर सुनवाई करते हुए माना कि पुनः मतगणना कराने के लिए पर्याप्त आधार है।

## नए आयकर विधेयक में अफसरों को और अधिकार देने का दावा गलत




**नईदिल्ली, 10 मार्च [एजेंसी]।**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के सूत्रों ने उन चिंताओं को खारिज किया है, जिनमें कहा गया था कि आयकर विधेयक 2025 में आयकर अधिकारियों को अतिरिक्त अधिकार दिए गए हैं।इन अधिकारों के तहत वे ईमेल, इंटरनेट मीडिया और वर्चुअल डिजिटल स्पेस तक पहुंच सकते हैं। सीबीडीटी के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 पहले से ही अधिकृत अधिकारियों को यह अधिकार देती है कि वे किसी व्यक्ति के पास मौजूद पुस्तकों, खातों या अन्य दस्तावेजों के इलेक्ट्रानिक रिकॉर्ड का निरीक्षण और जब्ती कर सकते हैं।बताया गया कि नए अधिकार दिए जाने के दावे गलत हैं। आयकर विधेयक, 2025 की धारा 247 में यह प्रविधान है कि एक अधिकृत अधिकारी कंप्यूटर प्रणाली या वर्चुअल डिजिटल स्पेस के एक्सेस कोड को ओवरराइड करके एक्सेस प्राप्त कर सकता है।

यह केवल पहले से मौजूद अधिकारों का पुनः उल्लेख है। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि यह शक्ति कर अधिकारियों को दुर्लभ परिस्थितियों में दी जाती है, जब कोई सक्षम अधिकारी तलाशी और जब्ती अभियान का आदेश देता है और संबंधित व्यक्ति सहयोग नहीं कर रहा होता है।सूत्रों में से एक ने यह भी दोहराया कि यह सामान्य प्रथा नहीं है। यह केवल असाधारण परिस्थितियों में ही लागू होता है। यह स्थिति आयकर अधिनियम 1961 के तहत भी थी और नए आयकर विधेयक 2025 में भी अपरिवर्तित है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद दो समुदायों में बवाल, तोड़फोड़ और आगजनी के बाद तनाव

महू। मध्य प्रदेश में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद जश्न मनाने उतरे लोगों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि कई दुकानों और गाड़ियों में आग लगा दी गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।घटना मध्य प्रदेश के महू शहर की है। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने इतिहास रचा, तो वहीं इसका जश्न मनाने के लिए कुछ लोग शहर में जुलूस निकालने लगे। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरा।इसी बीच जब जुलूस शहर के जामा मस्जिद मार्ग से होते हुए गुजरा, तो दूसरे समुदाय के लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद बड़ी संख्या में वर्ग विशेष के लोग जमा हो गए और धरना देने लगे।कोई कुछ समझ पाता, इतने में ही भीड़ आमने-सामने आ गई और पत्थर चलने लगे। इसके बाद शहर के पत्ती बाजार, मार्किट चौक, माणक चौक, सब्जी मार्केट, गफ्फार होटल, कनॉट रोड पर पथराव हुआ। सड़कों पर मौजूद गाड़ियों में आग लगा दी गई।भीड़ ने कुछ दुकानों को भी आग के हवाले कर दिया। जामा मस्जिद मार्ग पर पेट्रोल बम भी फेंके गए।

## प्राइवेट कंपनी ने बनाया एलसीए का पिछला हिस्सा, एचएएल को सौंपकर रचा इतिहास, राजनाथ सिंह ने की तारीफ

**बेंगलुरु।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे भारत की सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियां कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। इसकी मिसाल रविवार को उस समय देखने को मिली जब पहली बार एक प्राइवेट कंपनी अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज ने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके1ए का पिछला हिस्सा या रियर फ्यूजलेज तैयार कर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप दिया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत के रक्षा विनिर्माण की ऐतिहासिक यात्रा में मील का पत्थर बताया है। फ्यूजलेज, विमान का मुख्य हिस्सा होता है, जबकि रियर फ्यूजलेज टेल सेक्शन और उससे जुड़े कलपुर्जों को सहारा देता है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में एचएएल के विमान प्रभाग में अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज ने एमके1ए का पिछला हिस्सा सौंपा। रक्षा मंत्री ने कहा, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और सार्वजनिक-निजी भागीदारी बढ़ाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।रक्षा मंत्री ने एचएएल को देश के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र का फ्यूजलेज बताया, जिसके साथ एलएंडटी, अल्फा टोकोल, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और वीईएम टेक्नोलॉजीज जैसी प्राइवेट कंपनियां रियर फ्यूजलेज की भूमिका निभा कर एचएएल को मजबूत कर रही हैं।रक्षा मंत्री ने कहा, इन भारतीय कलपुर्जों के साथ हमारे रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में निर्मित होने वाले विमान आने वाले समय में और अधिक ऊंचाइयां छुएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे साहसी वायु योद्धा देश के लिए अमूल्य योगदान दे रहे हैं, वहीं स्वदेशी उपकरण उन्हें अतिरिक्त ताकत दे रहे हैं, जिसके साथ वे हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि एचएएल और निजी क्षेत्र हर चुनौती को पार करते हुए सशस्त्र बलों को हर तरह से मजबूत करेंगे।



## शांत-सुंदर वादियों में आकर करें विश्राम, सीएम सुक्खू ने भारतीय टीम को दी बधाई, हिमाचल आने का दिया न्यौता

**शिमला, 10 मार्च [एजेंसी]।**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने पूरे देश को गर्व महसूस कराया है। हम पूरी टीम को हिमाचल की शांत और सुंदर वादियों में आकर विश्राम करने के लिए आमंत्रित करते हैं। राज्य आप सभी का आतिथ्य करने के लिए गौरवान्वित महसूस करेगा। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि शानदार, जिन्दाबाद, जबरदस्त... चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर शानदार जीत अपने नाम की है। इस ऐतिहासिक जीत पर टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। चक दे इंडिया...जिला ऊना में खेल प्रेमियों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय और क्रिकेट टीम जिंदावाद के जयघोष लगाए। ऊना सहित जिला के मैहतपुर, संतोषगढ, हरोली, गगरेट व अंब सहित अन्य क्षेत्रों में लोग देर रात तक भारतीय टीम के विजेता बनने के बाद जश्न में डूबे रहे। रविवार को जब दोपहर बाद ढाई बजे चैंपियंस ट्राफी का फाइनल मैच खेला जा रहा था तो सड़कें व बाजार सूने नजर आए।

कई क्रिकेट प्रेमी घरों में टीवी पर मैच देख रहे थे तो कई स्थानों पर दुकानों में भी झुंड बनाकर मैच को देखा जा रहा था। कोई मोबाइल पर मैच की पल-पल की जानकारी ले रहा था। न्यूजीलैंड की टीम द्वारा पहली पारी के शुरुआती ओवरों में शानदार प्रदर्शन के बाद खेल प्रेमी थोड़ा चिंतित भी दिखे।इसके बाद जब न्यूजीलैंड के बल्लेबाज पैवेलियन लौटने लगे तो दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हालांकि अंतिम ओवरों में न्यूजीलैंड के प्रदर्शन को लेकर मैच के हर गेंद पर दर्शकों की नजर जमी रही। इस मैच को लेकर युवाओं से लेकर बुजुर्गों में क्रेज देखने को मिला। नारी गांव के अशोक चौहान ने बताया कि दो बेहतरीन टीमों के बीच शानदार मैच देखने का अलग ही मजा आ रहा है। योगराज ने बताया कि आज के दिन के लिए उन्होंने सारे काम छोड़ दिए थे।

## नेपाल में राजशाही की बहाली के लिए उठी आवाज, पूर्व नरेश के स्वागत में उमड़ी समर्थकों की भीड़

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही ज्ञानेंद्र पोखरा से सिमरिक हेलीकॉप्टर से त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए। भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था हमें अपना राजा वापस चाहिए, गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुनः स्थापित करो, राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं। 77 वर्षीय ज्ञानेंद्र देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दौरा करने के बाद पोखरा से काठमांडू लौटे हैं। हवाईअड्डे के बाहर सड़क के दोनों ओर ज्ञानेंद्र की तस्वीर और राष्ट्रीय ध्वज लिए मोटरसाइकिलों पर सवार सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया। पूर्व नरेश के समर्थक पिछले कुछ दिनों से काठमांडू और पोखरा सहित देश के विभिन्न भागों में रैलियां निकाल रहे हैं तथा 2008 में समाप्त की गई राजशाही को पुनः बहाल करने की

## गंगाजल क्यों पी लूं, देश की कोई नदी साफ नहीं, महाकुंभ पर राज ठाकरे ने उठाया सवाल, बीजेपी का पलटवार

**मुंबई, 10 मार्च [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को गंगा नदी की स्वच्छता पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि देश की कोई भी नदी साफ नहीं है। ठाकरे अपने पार्टी के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्नह्य के प्रमुख ने कहा कि उनके पार्टी नेता, बाला नंदगांवकर ने महाकुम्भ से पवित्र जल लाया था, लेकिन उन्होंने इसे पीने से मना कर दिया।

एमएनएस चीफ ने कहा, बाला नांदगांवकर कह रहे थे- ये गंगाजल पी लो। मैंने कहा मैं नहाने वाला नहीं हूं। और गंगाजल क्यों पीना चाहिए। वह पानी कौन पीएगा। अभी अभी कोविड गया है। दो साल मुंह पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वहां जाकर स्नान कर रहे है। कौन उस गंगा में जाकर कूदेगा। श्रद्धा का भी कुछ अर्थ होना चाहिए। मनसे प्रमुख ने सवाल किया कि यदि लाखों लोग गोदावरी नदी (महाराष्ट्र और कुछ राज्यों की प्रमुख नदी) में पवित्र डुबकी लगाएंगे तो क्या कोई उसका पानी पीएगा। राज ठाकरे ने कहा, मैंने सोशल मीडिया पर गंगा नदी की स्थिति के बारे में कई वीडियो देखे हैं। मैंने कुछ लोगों को नदी में अपने शरीर को खरोंचते और धोते हुए देखा। उन्होंने दावा किया कि भारत की कोई भी नदी साफ नहीं है। राज ठाकरे ने कहा, मैं राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहने के समय से गंगा जल्द साफ होग के दावे सुन रहा हूं। अब इस मिथक से बाहर आने का समय है। मनसे प्रमुख की इस टिप्पणी पर पलटवार करते हुए महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री एवं भाजपा नेता गिरीश महाजन ने कहा कि राज ठाकरे को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन वे उन लाखों लोगों की इच्छाओं की अनदेखी नहीं कर सकते जो नदी में डुबकी लगाना चाहते हैं।



नासिक में पत्रकारों से बात करते हुए महाजन ने कहा, यह सच है कि गोदावरी नदी का पानी वर्तमान में प्रदूषित है क्योंकि कारखानों का अनुपचारित पानी इसमें गिरता है। हम 1200 एमएलडी (प्रति दिन मिलियन लीटर) की क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर रहे हैं। महाकुंभ पर राज ठाकरे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए महाजन ने कहा कि इस विशाल समागम का आयोजन शास्त्रों पर आधारित है और वैज्ञानिक भी है। उन्होंने कहा कि यह लाखों लोगों की आस्था है, जो पानी की गुणवत्ता में कुछ बदलाव ला सकती है।

## गला दबाकर छीनी चेन, युवती ने पुलिस को किया फोन तो मिला ये जवाब

**साहिबाबाद, 10 मार्च [एजेंसी]।**



शालीमार गार्डन एक्सटेंशन वन में रोज पार्क के पास एक बदमाश ने घर के बाहर खड़ी महिला का गला दबाकर सोने की चेन छीन ली। वारदात के दौरान महिला ने अपने एक साल के बच्चे को गोद में लिया हुआ था। वह गिरने से बाल-बाल बच गया। बदमाश अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर भाग निकला। उसने 112 पर सूचना दी। वह शिकायत दर्ज कराने थाने गई। आरोप है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने कहा कि चूंकि उसने 112 पर कॉल कर दी है, इसलिए अब एफआइआर दर्ज करने की जरूरत नहीं है। उसके अधिवक्ता भाई ने वरिष्ठ अधिकारियों को फोन किया तो उन्हें थाने बुलाया गया और शिकायत लेने के बाद पुलिस ने आठ मार्च को रिपोर्ट दर्ज कर ली। शालीमार गार्डन के रोज पार्क की आरती त्यागी ने बताया कि 21 फरवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपने पड़ोसी के एक साल के बच्चे को गोद में लेकर घर के बाहर खड़ी थीं। तभी बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो लोग आए। उन्हें लगा कि डिलीवरी बॉय होंगे।तभी बाइक पर पीछे बैठा बदमाश आया और उनका गला दबाकर सोने की चेन छीन ली। चूंकि बच्चा उनकी गोद में था, इसलिए उन्होंने विरोध नहीं किया। उसने बच्चे को कसकर पकड़ रखा था। फिर उसने पलटकर उन्हें चेन दिखाई और बाइक पर अपने साथी के साथ भाग गया।उन्होंने शोर मचाया। पास में काम कर रहे कुछ युवक उनके पीछे दौड़े, लेकिन बदमाश गुरुद्वारे की तरफ भाग गए। घटना के बाद उन्होंने 112 पर कॉल की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहकर चले गए।

आरोप है कि वह दो बार थाने गई। वहां थाना प्रभारी नहीं मिले। पुलिस कर्मियों ने कहा कि चूंकि उसने 112 पर कॉल कर दिया है, इसलिए एफआईआर दर्ज करने की जरूरत नहीं है। हम डायल 112 से रिपोर्ट मंगवा लेंगे। उसने घटना अपने वकील भाई को बताई तो उन्होंने संबंधित वरिष्ठ अधिकारी को फोन किया। इसके बाद उसे थाने बुलाकर सात मार्च को लिखित शिकायत ली गई और आठ मार्च को रिपोर्ट दर्ज की गई। जबकि स्थानीय पुलिस का कहना है कि युवती लिखित शिकायत लेकर थाने नहीं आई। 22 फरवरी को साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर सेक्टर 5 में शॉपिंग करने गई मीनू शर्मा से बैग छीना17 फरवरी को कौशांबी मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली बदरपुर बॉर्डर पर रहने वाली सौम्या कुशवाह से चेन छीनी15 फरवरी को साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र के करहैड़ा में बाइक सवार बदमाशों ने शीलेंद्र सिंह की पत्नी से मंगलसूत्र छीना12 फरवरी को कौशांबी क्षेत्र में विद्याश्री देवी से सोने की चेन छीनी11 फरवरी को कौशांबी क्षेत्र के वैशाली सेक्टर 4 में बबीता से सोने की चेन छीनी6 फरवरी को कौशांबी क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-4 में अंजलि बंसल से घर के बाहर आईफोन छीना1 फरवरी को इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में सेंट टेरेसा स्कूल के पास बाइक सवार बदमाशों ने रेनू देवी से सोने की चेन छीनी31 जनवरी को साहिबाबाद क्षेत्र में राजेंद्र नगर के राजाराम पार्क में अर्पिता से सोने की चेन छीनी31 जनवरी को साहिबाबाद क्षेत्र में राजेंद्र नगर मेन रोड पर अर्पिता से सोने की चेन छीनीयुवती ने थाने में लिखित शिकायत की तो रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। टीमें घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही हैं। बदमाशों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## मैं रिटायर..., रोहित शर्मा ने अपने भविष्य को लेकर किया बड़ा फैसला, फाइनल के बाद दिया दो टूक जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर चर्चा था कि वह चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के बाद वनडे क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। ठीक उसी तरह से जिस तरह से उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को बाय-बाय कह दिया था। हालांकि, रोहित ने खुद इन अफवाहों पर फुलस्टाप लगा दिया। रोहित ने साफ कर दिया है कि वह वनडे से संन्यास नहीं ले रहे हैं।रोहित की कप्तानी में भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी-2025 का खिताब अपने नाम किया। टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से पटखनी दे तीसरी बार ये ट्रॉफी उठाई और इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम बनी। ये बतौर कप्तान रोहित की दूसरी आईसीसी ट्रॉफी है। इसी के साथ वह एक से ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान बन गए हैं।मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने साफ कर दिया है कि वनडे खेलते रहेंगे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में कहा, एक और चीज। मैं इस फॉर्मेट (वनडे) से रिटायर नहीं हो रहा हूं। मैं ये बात सुनिश्चित करना चाहता हूं कि आगे चलकर कोई अफवाहें न फैलें।रोहित पर इस चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर दबाव था। घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार और फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज की हार ने रोहित की कप्तानी पर सवाल खड़े कर दिए थे। तभी से उनके रिटायरमेंट की खबरें थीं।

### अस्थायी जजों की नियुक्ति अधर में लटकी!

## सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बावजूद हाईकोर्ट कोलेजियम से नहीं मिली कोई सिफारिश

**नई दिल्ली।** लंबित मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए हाई कोर्ट में एडहॉक यानी अस्थायी जजों की नियुक्ति के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मार्ग प्रशस्त किए जाने के बावजूद एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सरकार को संबंधित हाई कोर्टों से उम्मीदवारों के नाम के प्रस्ताव नहीं मिले हैं। 18 लाख से अधिक आपराधिक मामलों के लंबित होने पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी को हाई कोर्टों को अस्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की अनुमति दी थी, जोकि कोर्ट की कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक न हो। संविधान का अनुच्छेद 224 ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को हाई कोर्टों में अस्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देता है। सूत्रों ने कहा कि कानून मंत्रालय को अस्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संबंधित हाई कोर्ट कोलेजियम से अभी तक कोई सिफारिश नहीं मिली है।निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, संबंधित हाई कोर्ट के कोलेजियम विधि मंत्रालय में न्याय विभाग को हाई कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों की सिफारिशें या नाम भेजते हैं।

इसके बाद न्याय विभाग सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम को भेजने से पहले उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर इसे सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम को अंतिम फैसले के लिए भेजता है। कोलेजियम सरकार को चयनित व्यक्तियों को जजों के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है। राष्ट्रपति नवनियुक्त न्यायाधीश की नियुक्ति के वारंट पर हस्ताक्षर करते हैं। अस्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी वही रहेगी, सिर्फ इसके कि राष्ट्रपति नियुक्ति के वारंट पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे।



## मैंने बड़ा बनने के लिए अपने नैतिक मूल्यों से कभी नहीं किया समझौता: कृतिका कामरा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने एक्टिंग की दुनिया में अपने सफर के बारे में बात की। कृतिका ने बताया कि उन्होंने कभी भी बड़ा बनने के लिए अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से समझौता किया। कृतिका ने कहा, मैंने हमेशा माना है कि खुद के प्रति ईमानदार रहना सफलता की कुंजी है।

उन्होंने कहा, मैंने बड़ा बनने के लिए कभी भी अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से समझौता किया। मेरे लिए, मेरा सफर हमेशा अपने द्वारा चुने गए विकल्पों पर गर्व करने के बारे में रहा है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मशहूर या स्पॉटलाइट में रहने का सवाल नहीं है, बल्कि यह रात में सुकून सो पाने के लिए था। चाहे इंडस्ट्री कितनी भी चुनौतीपूर्ण या ग्लैमरस क्यों न हो मैंने अपने मूल्यों के साथ समझौता नहीं किया और इस वजह से ही मैं अपनी जड़ से जुड़ी रही। कृतिका ने स्पष्ट किया है कि वह आकर्षण की तुलना में कंटेंट को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने कहा, मैं ट्रेंड का पीछा नहीं करना चाहती और न ही इंडस्ट्री के दबावों के अनुरूप होना चाहती। मैं चाहती हूं कि मेरा काम मेरे विश्वास, मेरे टेस्ट और मेरी ग्रोथ को दर्शाए। मैं जो भूमिकाएं चुनती हूं, वे मेरे व्यक्तित्व का विस्तार हैं। मेरे लिए, यह ऐसी कहानियां बताने के बारे में है, जो लोगों के साथ जुड़ती हैं और एक स्थायी छाप छोड़ती हैं। कृतिका मटका किंग में नजर आएंगी। यह मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की दुनिया को दर्शाती है। इस सीरीज में विजय वर्मा भी हैं, जो मटका किंग की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कृतिका ने जनवरी में साझा किया था कि वह साहसिक निर्णय लेने में विश्वास करती हैं और उन्होंने जानबूझकर ऐसे प्रोजेक्ट से दूरी बना ली है जो पुरुषों की नजर को प्राथमिकता देते हैं।

# अनानास के जूस के दुष्प्रभाव



अनानास का जूस स्वाद में मीठा और ताजगी देने वाला होता है, लेकिन इसके कुछ दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है।

यह जानना जरूरी है कि अनानास का जूस पीने से शरीर पर क्या असर पड़ सकता है।

इस लेख में हम आपको अनानास के जूस के पांच संभावित दुष्प्रभाव के बारे में बताएंगे ताकि आप इसे संतुलित मात्रा में सेवन कर सकें।

### पेट की समस्याएं

अनानास का जूस अगर ज्यादा मात्रा में पिया जाए तो पेट की समस्याएं हो सकती हैं।

इसमें ब्रोमेलिन नामक एक एंजाइम होता है, जो पाचन को प्रभावित कर सकता है। इससे पेट दर्द, गैस और दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इसलिए अगर आपको पहले से ही पेट की कोई समस्या है या आपका पाचन कमजोर है तो अनानास का जूस कम मात्रा में ही पिएं।

### दांतों पर असर

अनानास का जूस अम्लीय होता है, जो दांतों की एनामेल को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे दांत कमजोर हो सकते हैं और उनमें दर्द या संवेदनशीलता बढ़ सकती है।

अगर आप अनानास का जूस पीते हैं तो उसके बाद पानी से कुल्ला जरूर करें ताकि अम्लीय प्रभाव कम हो सके और दांतों की सुरक्षा बनी रहे।

इसके अलावा जूस पीने के तुरंत बाद ब्रश करने से बचें क्योंकि इससे एनामेल को नुकसान हो सकता है।

### एलर्जी की संभावना

कुछ लोगों को अनानास या उसके जूस से एलर्जी हो सकती है, जिससे त्वचा पर खुजली, सूजन या लाल चकत्ते हो सकते हैं। सांस लेने में कठिनाई भी हो सकती है।

अगर ऐसा कोई लक्षण महसूस होता है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और अनानास का सेवन बंद कर दें।

किसी भी दवा लेने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें ताकि समस्या का सही समाधान मिल सके।

### ब्लड शुगर के स्तर पर प्रभाव

अनानास के जूस में प्राकृतिक शक्कर होती है, जो ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ा सकती है।

मधुमेह से पीड़ित लोगों को इसका सेवन सावधानी से करना चाहिए। अधिक मात्रा में सेवन करने से रक्त शर्करा स्तर बढ़ सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

मधुमेह के मरीजों को अनानास का रस पीने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए ताकि इसे सुरक्षित रूप से डाइट में शामिल कर सकें।

### वजन बढ़ने की संभावना

अनानास का जूस कैलोरी से भरपूर होता है, जिससे वजन बढ़ने की संभावना रहती है, खासकर अगर इसे अधिक मात्रा में लिया जाए।

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

अनानास के रस में प्राकृतिक शक्कर भी होती है, जो शरीर में अतिरिक्त कैलोरी जोड़ सकती है।

इसलिए इसे पीने से पहले अपनी दैनिक कैलोरी की जरूरतों को ध्यान में रखें।

# केले के छिलकों को न करें फेंकने की गलती, स्किन की इन समस्याओं में है कारगर

केले खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. केला खाने से त्वचा को भी कई फायदे होते हैं. लेकिन, क्या आपको पता हैं कि केले का छिलका भी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है. कई लोग केले के छिलके का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाते हैं. इससे त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं. केले के छिलके को चेहरे पर लगाने से मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है. इसके छिलके का इस्तेमाल करने से त्वचा जवान और खूबसूरत दिखती है. ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं चेहरे पर केले का छिलका रगड़ने के फायदों के बारे में.

केले के छिलके को चेहरे पर लगाने के फायदे

झुर्रियां कम करने में मददगार

केले खाना बेहद फायदेमंद माना जाता है. अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या है तो आपको चेहरे पर केले का छिलका जरूर लगाना चाहिए. केले का छिलका लगाने से झुर्रियां कम हो जाती हैं. इससे त्वचा जवां और



चमकदार दिखती है. केले के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं. इसे चेहरे पर लगाने से बढ़ती उम्र के लक्षण कम होते हैं.

मुंहासों से छुटकारा दिलाने में मददगार

अगर आप अपने चेहरे पर मुंहासों की समस्या से परेशान हैं, तो आप केले के छिलके का इस्तेमाल कर सकते हैं. केले के छिलके को चेहरे पर लगाने से मुंहासों की समस्या से राहत मिल सकती है. केले के छिलकों में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं.

दाग-धब्बे से छुटकारा दिलाने में मददगार

अगर आप कुछ दिनों तक केले के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो इससे आपको दाग-धब्बों से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी. अगर आप दाग-धब्बों या काले धब्बों से परेशान हैं तो केले का छिलका रामबाण इलाज हो सकता है. केले के छिलके में विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा पर काले धब्बों को हल्का करने में मदद करता है. केले के छिलके का रंग निखारने से त्वचा की चमक बढ़ती है.

## टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जटाधारा से सोनाक्षी सिन्हा का 'पावरफुल' फर्स्ट लुक आउट



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने खास अंदाज में महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी ने अपनी आगामी तेलुगु डेब्यू फिल्म जटाधारा से फर्स्ट लुक जारी किया है और सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी के अलावा करीना कपूर, कियारा आडवाणी ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं.

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही फिल्म जटाधारा से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं. मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा को टैग करते हुए 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर उनका पहला लुक पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा है, इस महिला दिवस पर जटाधारा में स्ट्रेंथ और पावर उभर रहा है. सोनाक्षी सिन्हा का स्वागत है. मेकर्स ने सोनाक्षी का शानदार पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में सोनाक्षी काफी अलग अवतार में नजर आ रही हैं. वह खुले बाल, लंबे नाखून, भारी गहने और चूड़ियां पहनी नजर आ रही हैं. बोल्ड मेकअप, काजल से सजी आंखें और काली बिंदी उनके उग्र अवतार को दर्शा रही हैं. सोनाक्षी का ये अवतार उनके रहस्यमयी और पावरफुल महिला के अवतार को दिखा रही है. फर्स्ट लुक पर सोनाक्षी के पति जहीर इकबाल और बेस्ट फ्रेंड हुमा कुरैशी का रिएक्शन सामने आया है. जहीर ने पोस्ट पर फायर वाला इमोजी छोड़ा है.

## गाउन पहन नागिन सी बलखाती दिखीं जाह्नवी कपूर, तस्वीरों ने हाई किया इंटरनेट का पारा



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिलकश अदाओं से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने सिल्वर कलर का रिवीलिंग फिशटेल कट लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये कातिल अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर ट्रेंड करने लगता है।

जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहत हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## अभिषेक बच्चन की बी हैप्पी का पहला गाना सुल्ताना जारी



काफी समय से अभिषेक बच्चन अपनी आगामी फिल्म बी हैप्पी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान रेमो डिसूजा ने संभाली है। इस फिल्म में अभिषेक के साथ बाल कलाकार इनायत वर्मा नजर आएंगी। नोरा फतेही भी इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। अब बी हैप्पी का पहला गाना सुल्ताना रिलीज हो गया है, जिसमें नोरा जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। सुनिधि चौहान और मीका सिंह ने गाने को मिलकर गाया है। यह एक डांस ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिषेक के किरदार का नाम शिव रस्तोगी होगा। वह इसमें एक ऐसे पिता बने हैं, जो अपनी बेटी की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहता है। फिल्म में अभिषेक अकेले अपने बेटी की परवरिश करते दिखेंगे।

## शब्द सामर्थ्य - 350

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 349 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.349 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

### कलेक्टर की एक और पहल ने राज्य में बनाया प्रथम स्थान

# कोरिया जिला प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के राज्य स्तरीय स्कोर कार्ड में अव्वल





**कोरिया बैकुंठपुर ( तरूण छत्तीसगढ़ )।** जिले में बच्चों को स्कूल की दहलीज तक लाने और उनकी उपस्थिति में बढ़ोतरी सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पी.एम. पोषण) योजना के तहत उन्हें गर्म, पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 886 रसोइयों, सहायिकाओं को रोजगार दिया गया है और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विद्यालयों में गरम भोजन तैयार कर बच्चों को परोसा जा रहा है।

बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के सहयोग से 'न्योता भोजन' का आयोजन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके। इसी कड़ी में, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर द्वारा जारी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना 2024-25 के राज्य स्तरीय स्कोर कार्ड में कोरिया जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कोरिया जिले की इस उपलब्धि के पीछे ये प्रमुख कारण संचालित शालाओं का अनुपात 99 प्रतिशत, लाभान्वित छात्रों का 75 प्रतिशत, 87 प्रतिशत रसोइयों की उपलब्धता, 92 प्रतिशत किचन एवं भंडारण सुविधा युक्त विद्यालय, 100 प्रतिशत एलपीजी गैस का उपयोग करने वाली शालाएं, 6 प्रतिशत न्योता भोजन का आयोजन, 98.44 प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण, भारत सरकार को प्रतिदिन प्रेषित किए गए डेटा का अनुपात 97 प्रतिशत रहा।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, कोरिया जिले द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के क्रियान्वयन में प्रथम स्थान प्राप्त करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह सफलता शिक्षकों, रसोइयों, स्व-सहायता समूहों, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना न केवल उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि उनकी स्कूल उपस्थिति और शिक्षा स्तर में भी सुधार लाता है। हम इस सफलता को बनाए रखने और योजना के प्रभाव को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि, हमारा प्रयास रहेगा कि इस योजना को और प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, जिससे बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन मिल सके और उनके स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निरंतर सुधार होता रहे।

## नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन 11 मार्च को

**चरचा कालरी।** महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय संस्था द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया शाखा चर्चा के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय साकेत सदन भवन में11 मार्च दिन मंगलवार को दोपहर 3 बजे किया जाएगा जिसमें संस्था की जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया ,श्रीमती पम्मी अरोड़ा, श्रीमती मनिका मंजरी, श्रीमती उर्मिला मडावी ,श्रीमती गीता शुक्ला ,श्रीमती लाल मुनि यादव ,दीपा विश्वकर्मा सहित क्षेत्र की महिलाएं उपस्थिति रहेगी संस्था वि क्लब चर्चा की पदाधिकारी श्रीमती झुमुर डे, श्रीमती शिल्पा शर्मा एवं नीलम सिंह ने कहा की नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा ,खेल व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा हमारी संस्था महिलाओं के हितों की रक्षा व समाज को जागरूक करने हेतु प्रतिबद्ध है इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में क्षेत्र की सभी महिलाएं सादर आमंत्रित हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता को मिलेगा पूरा न्याय, इलाज में नहीं होगी कोई कमी-स्वास्थ्य मंत्री



**बैकुंठपुर।** जिले की एक 20 वर्षीय युवती के साथ करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुए जघन्य अपराध और एसिड अटैक मामले में राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ विधायक श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि पीड़िता को हर हाल में न्याय मिलेगा और उसके इलाज में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल पीड़िता को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सरकार ने अब तक 25 लाख रुपये की सहायता प्रदान की है। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, पीड़िता के इलाज में पैसे बाधा नहीं बनेंगे। सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ हर संभव मदद करेगी। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं, जबकि पीड़िता का इलाज जारी है और सरकार पूरी तरह से उसके साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन पूरी सख्ती से काम करेगा।

## डीआई वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** ग्राम बंगोली बड़ौदा बैंक के सामने डीआई वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने डीआई वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक संतराम वर्मा 57 वर्ष ग्राम खोना चौकी सिलयारी का रहने वाला था।

## दिव्यांगजन व वृद्धजन शिविर का आयोजन 133 लोगों को मिला सहायक उपकरण



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के कल्याण के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया । यह दो दिवसीय शिविर 9 मार्च को बैकुंठपुर के जिला पंचायत ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जबकि 12 मार्च को सोनहत विकासखंड में आयोजित किया जाएगा।

शिविर में 271 लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 133 लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें 30 ट्राइसाइकिल, 20 व्हीलचेयर, 65 छड़ी, 08 बैसाखी, 09 श्रवणयंत्र और 01 मोटराइज्ड साइकल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 52 लोगों के ष्ठद्बष्ठ कार्ड, 04 लोगों का श्रम पंजीयन, 02 लोगों का आधार कार्ड, और 04 लोगों का रोजगार पंजीयन किया गया। कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए 13 प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें सहारे की जरूरत है। साथ ही, उन्होंने सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और अपने बच्चों को शिक्षित कर अधिकारी बनाने को कहा । जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करना न केवल इस शिविर का लक्ष्य है, बल्कि प्रशासन का कर्तव्य भी है। इस अवसर पर कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े तथा अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**भैयाथान।** घर से स्कूल जाने निकले बाइक सवार शिक्षक की शनिवार की सुबह सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। रास्ते में दूसरे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिक्षक को अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी बीच रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। शिक्षक की मौत से परिजनों में मातम पसर गया है। सूरजपुर जिले के भैयाथान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोयलारी निवासी देवशंकर दुबे शनिवार की सुबह घर से बाइक पर सवार होकर ग्राम बंजा स्थित स्कूल जा रहे थे। इसी बीच रजौलीपारा के आगे कोल्हुआ नाला के करीब विपरीत दिशा से आ रहे दोपहिया वाहन से उनकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के पश्चात आसपास के



लोग इकट्ठा हो गए, शिक्षक देवशंकर दुबे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजा ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा पीएम पश्चात शिक्षक का शव उनके परिजन को सौंप दिया गया। घटना में शिक्षक की मौत से ग्राम कोयलारी में जहां शोक का माहौल है, वहीं परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के गुढियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने इस चाकू के साथ आम लोगों में आतंक फैलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। गुढियारी थाना पुलिस को 8 मार्च 2025 को सूचना मिली कि तुलसी नगर स्थित शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर सोनी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक धारदार बटनदार स्प्रींगदार स्टील का चाकू बरामद किया।

## छात्रा के अपहरण की कहानी निकली झूठी सहेली के साथ भागकर चली गई है हैदराबाद!

**अंबिकापुर।** बीकॉम सेकेंड ईयर की अपहृत छात्रा का 26 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया है, ऐसा पुलिस का कहना है। उसकी तलाश जारी है। सरगुजा एसपी योगेश पटेल द्वारा छात्रा की तलाशी के लिए टीम का भी गठन किया गया है। वहीं सूत्रों का कहना है कि अपहरण की झूठी कहानी रचकर छात्रा अपनी सहेली के साथ हैदराबाद चली गई है।

बताया जा रहा है कि छात्रा के परिजन उस पर शादी का दबाव बना रहे थे, लेकिन वह अभी शादी नहीं करना चाह रही थी। पुलिस ने छात्रा के हैदराबाद में होने की भी पुष्टि नहीं की है। इधर युवती के परिजन ने जिस युवक पर संदेह जताया था, उसकी बेदम पिटाई भी उन्होंने कर डाली। युवक ने मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई है। शहर के बौरीपारा निवासी युवती गर्ल्स कॉलेज में बीकॉम सेकेंड ईयर में पढ़ती है। वह शनिवार को कॉलेज गई थी। शाम को अपने पिता के मोबाइल पर फोन कर जानकारी दी थी कि कुछ लडक़े कार में बैठाकर जबरन कहीं ले जा रहे हैं। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया था। छात्रा के भाई ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है। घटना के 26 घंटे बाद भी पुलिस की ओर से मामले में कोई सुराग न मिलने की बात कही जा रही है। मामले में एसपी योगेश पटेल ने छात्रा की तलाशी व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम का भी गठन किया है। सूत्रों के अनुसार छात्रा अपहरण की झूठी कहानी रचकर हैदराबाद अपनी दीदी के यहां चली गई है। सूत्रों का मानना है कि छात्रा ने अपहरण



की कहानी इसलिए रची थी कि उसके परिजन उस पर शादी का दबाव बना रहे थे, लेकिन छात्रा अभी शादी नहीं करना चाहती है। इसी बीच शनिवार को अपहरण की झूठी कहानी रचकर अपनी सहेली के साथ हैदराबाद चली गई। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि अब तक छात्रा के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है।

### परिजन ने की संदेही युवक से मारपीट

छात्रा शहर के एक जिम में काम करती है। प्रोटीन पाउडर बेचने के मामले को लेकर एक युवक से उसका विवाद था। छात्रा के परिजन के अनुसार उक्त युवक ने छात्रा को धमकी दी थी।

इस बीच छात्रा के अपहरण का मामला सामने आने पर उसके परिजन ने उक्त युवक के साथ मारपीट की। छात्रा के परिजन द्वारा मारपीट किए जाने का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## हाईवे ढाबे में जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर जिले के आमानाका थाना क्षेत्र के अटारी रोड स्थित हाईवे ढाबे में जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 72,400 रुपये की नकदी, ताश पत्तियां, 5 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल, 1 चार पहिया वाहन और एक पिस्टल बरामद की है। इस कार्रवाई में जप्त की गई कुल संपत्ति की कीमत लगभग 7.5 लाख रुपये बताई जा रही है। एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम ने दिनांक 7 मार्च 2025 को इस छापेमारी को अंजाम दिया। टीम को सूचना मिली थी कि हाईवे ढाबे के छत पर कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं।

## जनपद अध्यक्ष की स्कार्पियो स्कूल बस से टकराई

**बलरामपुर।** नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष की स्कार्पियो स्कूल बस से टकरा गई. हादसे में वाड्रफ्नगर जनपद अध्यक्ष शशि सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं, वहीं बस में सवार स्कूली बच्चों को भी चोट आई है। दुर्घटना वाड्रफ्नगर के मदनपुर गांव में घटित हुई. जनपद अध्यक्ष शशि सिंह स्कार्पियो में सवार होकर जा रही थी, रास्ते में बच्चों को घर छोड़ने जा रही एम्बिशन पब्लिक स्कूल की बस से जोरदार टक्कर हो गई. इधर शशि सिंह के सिर पर चोट आई, उधर बस में सवार पांच बच्चों को भी चोट आई है. सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. वाड्रफनगर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है.

## न्यू लाईफ में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**बैकुंठपुर/कोरिया।** न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड ऐजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ' इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग, बैकुंठपुर में नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं की समाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का उत्सव मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए और महिलाओं के समान अधिकार, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार और प्रजनन अधिकारों जैसे जरूरी विषयों पर केंद्रित है। इस वर्ष का थीम- एक्सलरेट एक्शन रखी गई है जिसका मतलब है- लैंगिक समानता के लिए शीघ्र और निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर देती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती वंदना जायसवाल न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड ऐजुकेशन सोसायटी के सचिव उपस्थित थी एवं कार्यक्रम का आयोजन समस्त शिक्षकों के द्वारा प्राचार्य डॉ0 अंजना सैमुएल के मार्गदर्शन में किया गया।

## इस डर से अमरपुर के लोगों ने 5 दिन पहले ही खेल ली होली,ये है मान्यता





**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के ग्राम पंचायत अमरपुर में 5 दिन पहले रविवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरा गांव रंगों से सराबोर हुआ और जमकर गुलाल व अबीर उड़ाए। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। ऐसी मान्यता है कि यदि 5 दिन पहले होली नहीं खेली गई तो गांव में कोई न कोई अनहोनी जरूर होती है। अमरपुर के लोगों ने इस साल भी समय से पहले होली खेलकर इस डर को दूर किया।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत अमरपुर में ग्रामीण पांच दिन पहले रंगों का त्योहार होली पर्व धूमधाम से मनाकर पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। होली पर्व से पहले गांव में बैठक कर होलिका दहन करते हैं। फिर अगले दिन विधि-विधान से देवल्ला में पूजा-अर्चना कर एक दूसरे को रंग-गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। पांच दिन पहले धूमधाम से होली पर्व मनाया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्ग व युवा वर्ग फाग गीतों पर जमकर झूमते नजर आए। गांव में किसी प्रकार की अनहोनी को टालने हर साल पांच दिन पहले होली पर्व मनाया गया। हालांकि, वर्ष 2025 में भारतीय कैलेंडर के अनुसार होलिका दहन 13 मार्च और होली पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। लेकिन अमरपुर में 5 दिन पहले होली खेलने की परंपरा हैं, जो कोरिया जिला सहित आसपास में बहुत प्रसिद्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव को किसी प्रकार की अनहोनी से बचाने के लिए अमरपुर में पांच दिन पहले होली मनाई जाती है। यह परंपरा बुजुर्गों ने बनाई है, जिसका हम सब निर्वहन कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार त्योहार 5 दिन पहले होली मनाने से गांव के किसी परिवार में अनहोनी और किसी प्रकार की अप्रिय घटना, हैजा-प्लेग सहित भयंकर बीमारियां नहीं आती है। गांव के लोगों को अनहोनी से बचाने के लिए वर्षों से पांच दिन पहले होली खेली जाती है।

### बुजुर्गों ने बनाई है परंपरा

पूर्वजों ने वर्षों पहले होली को पहले मनाने का रिवाज बनाया है। इस कारण ग्रामीण अपने बुजुर्गों के बनाए नियम का पालन कर होली पर्व मनाते हैं। अमरपुर में वर्षों पहले बुजुर्गों की परंपरा को कायम रखा गया है। ग्रामीण ने पारंपरिक ढोलक, मंजीरे की थाप के साथ होली का त्योहार मनाते हैं।

## अनुशासनहीनता पर भाजपा ने निष्कासित किया नूतन को



**कोरबा।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर संगठन ने कोरबा में अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई की। भाजपा से निर्वाचित पार्षद और सभापति पद के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल के विरूद्ध मैदान में उतरने पर नूतन को निष्कासित कर दिया गया है। चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को 15 वोट से पराजय का सामना करना पड़ा। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के द्वारा लगातार अनुशासन का ढोल पीटा जाता रहा है इसलिए कोरबा में सभापति चुनाव का यह मुद्दा प्रदेश से लेकर देश तक जा पहुंचा और इसने काफी सुर्खियां बटोरी। मंत्रियों से लेकर भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस बारे में कुछ बोलते नहीं बन रहा है। वे सफाई क्या दें उनकी समझ से बाहर है। इसलिए कोरबा जिले से भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश भाजपा संगठन ने सभापति चुनाव के 48 घंटे बाद निष्कासन का डंडा चलाया।

## शपथ ग्रहण आज

**कोरबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल सहित 12 सदस्य सुष्मिता अंनत, विनोद यादव सहित अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इस दौरान भाजप के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, कमलेश अनंत, मारकंडे सिंह, दीक्षित देवांगन, प्रकाश यादव, अविनाश कंवर, बॉबी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। जनपद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों का पहले ही शपथ हो चुका है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद सभी सदस्य अब अपने-अपने क्षेत्र में काम करेंगे। भिलाई बाजार क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, कल से गांव का दौरा करेंगे। कुदमुरा मंडल अध्यक्ष बृजलाल राठिया, बरपाली के ओमप्रकाश साहू, भिलाई बाजार मंडल के दिनेश राठौर, करतला के रामकुमार गभेल शामिल होंगे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में ताला लगाकर कार्यकर्ता और सहायिका आंदोलन पर

**कोरबा।** बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण को लेकर काम करने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में आज ताला लटके रहे और कोई काम नहीं हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए। उनका आरोप है कि सरकार लंबित मांगों को नजरअंदाज कर रही है।

कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण परियोजनाओं में हड़ताल की वजह से आज आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाएं ठप रही। यहां पर जो बच्चे पहुंचे थे उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। बाद में दूसरे माध्यम से पता चला कि संचालन करने वाले हड़ताल पर हैं। खबर के मुताबिक कर्मियों के संयुक्त मंच-छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय बजट में लंबित मांगों को शामिल कर पूर्ण करने की मांग के लिए प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं ने ओपन थिएटर घंटाघर में नारेबाजी करने के साथ मांगों दोहराई। उन्होंने कहा कि फिलहाल एक दिन के लिए हड़ताल की गई है और इसी से केन्द्रों का कामकाज ठहर गया है। आगे लंबी हड़ताल होगी तो अफसरों से लेकर सरकार को समझ में आ जाएगा।



फाइल फोटो

संयुक्त मंच की कोरबा जिलाध्यक्ष श्रीमती वीणा साहू ने बताया कि मांगों की ओर सरकार का ध्यानाकर्षण करते इसे मार्च 2025 के बजट में प्रावधान करते हुये शीघ्र पूर्ति करने का आग्रह किया गया है। वे कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कर रही है। इसके विकल्प में घोषणा होने तक उन्हें 21 हजार और सहायिकाओं को 18 हजार वेतन सरकार से चाहिए। इसके अतिरिक्त और भी मांगें हैं। उनका तर्क है कि मध्यप्रदेश में हमारे ही जैसे काम करने वाले वर्ग के लिए सरकार ने वेतन बढ़ा दिया है तो यहां क्या दिक्कत है। कहा गया कि मार्च 2025 के बजट में इसे पूरा करने बाबत आग्रह किया गया था। लगातार आश्वासन दिए गए लेकिन काम नहीं हुआ।

## कालोनी में उड़ रहे धूल से कोयला कामगार परेशान

**कोरबा।** एससी-एसटी बेकवर्ड काउंसिल के अध्यक्ष वीरेन्द्र टंडन, सचिव जवाहर मार्को ने एसईसीएल प्रबंधन को पत्र लिखने का निणर्य लिया और कहा कि कालोनी में उड़ रहे धूल से कोयला कामगार परेशान हैं। पानी का छिड़काव किया जा रहा है यह पर्याप्त नहीं है। इस मुद्दे का आईआर बैठक में उठाया जाएगा। इसी तरह मनगांव क्षेत्र में जो वाहन चल रहे हैं, जिसके चलते धूल कालोनी में प्रवेश कर रहा है, इस मार्ग पर पानी छिड़काव किये जाने की जरूरत है। खासकर गर्मी के मौसम में लोग परेशान हो जाते हैं। अन्य मौसम के अलावा गर्मी के मौसम में तेज हवाएं चलती हैं। इन हवाओं के कारण धूल घरों में प्रवेश करता है।जिसके चलते कोयला कामगार बीमार पड़ते हैं। आने वाले दिनों में मामले को उठाते हुए और अधिक पानी छिड़काव किये जाने की मांग की जाएगी।

## हादसे में घायल युवक तड़पता रहा नहीं मिली आपातकालीन सेवा



**कोरबा।** सीएसईबी चौकी अंतर्गत बीती रात दो बाइकों में आमने सामने भिडंत हो गई। सीएसईबी चौकी के पीछे पंपहाउस जाने वाले मार्ग पर यह दुर्घटना हुई। इस हादसे का दु:खद पहलु यह रहा,कि मदद के लिए डायल 112 और 108 को कई बार फोन किया गया लेकिन सम पर मदद नहीं मिली। पूरे एक घंटे तक घायल मौके पर तड़पता लेकिन आपातकालीन सेवा उसे नहीं मिल सकी। अंत में राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

कोरबा शहर में बीती रात हुए एक सड़क हादसे ने आपातकालीन सेवा में लगे डायल 112 और 108 संजीवनी एक्सप्रेस पर सवाल खड़े कर दिए। सीएसईबी चौकी अंतर्गत पंपहाउस जाने वाले मार्ग पर दो बाइकों की आपस में जबरदस्त भिडंत हो गई। दुर्घटना में दोनों ही बाइक के चालक घायल हो गए,जिनमें से एक व्यक्ति के पैर पर गंभीर चोट लगी। मौके पर मौजूद एक जागरुक युवक ने डायल 112 और 108 संजीवनी एक्सप्रेस को फोन लगाते लगाते थक गया,लेकिल उसे मदद नहीं मिल सकी। एक घंटे तक घायल मौके पर पड़े रहे लेकिन अंत तक सहायता नहीं मिली। अंत में स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को अस्साल भिजवाया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई थी। लोगों की भीड़ भी काफी हो गई थी। सीएसईबी चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे का शिकार बाइकों को साईड किया। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है।

## पीएचसी स्टाफ को धमकी दहशत में अस्पताल के कर्मी

कोरबा। जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में स्थित पिपरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ को गांव के एक ग्रामीण परिवार द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। जिससे स्टाफ काफी दहशत में है। मामले की लिखित शिकायत पीड़ितों द्वारा पसान थाने में किये जाने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

इस संबंध में की गई शिकायत में सेक्टर प्रभारी, नर्सिंग आफिसर व स्टाफ व द्वारा बताया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में 25 साईज के भवन निर्माण हेतु सरपंच द्वारा जमीन की नाप की जा रही थी तभी गांव के छत्रपाल पठारी नामक ग्रामीण की पत्नी बेलकुंवर टेप को छीन कर वहां मौजूद सूपरवाईजर के साथ मारपीट की गई, जिसका पीएचसी स्टाफ द्वारा विरोध करने पर छत्रपाल एवं उसके परिवार के अन्य सदस्य वेदमति, श्यामवति, रामवति, सोनू व अमन द्वारा गाली-गलौच किया गया। इतना ही नहीं श्यामवति व रामवति ने ड्यूटी में तैनात नर्सिंग आफिसर रेणुलाल का बाल खींचकर मारपीट भी की गई वहीं उनके परिवार द्वारा सेक्टर प्रभारी रेणु साहू व नर्सिंग आफिसर को देख लेने व जान से मारने की खुलेआम धमकी दी गई। ग्रामीण परिवार के इस धमकी से स्टाफ काफी भयभीत है और असुरक्षित महसूस कर रही है।

पसान पुलिस इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीएचसी स्टाफ में आक्रोश व्याप्त है। उनके द्वारा घटना की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को देते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने की गुहार लगाई गई है।

# वार्ड तीन की संगीता बनी नगर पालिका उपाध्यक्ष

### कारगर रही मनोज शर्मा की रणनीति

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपिका में अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की जीत हुई है । वार्ड क्रमांक 3 से निर्वाचित पार्षद संगीता साहू 16 वोट प्राप्त कर निर्वाचित हुई।



निर्वाचन अधिकारी एसडीएम के द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया गया। आज दोपहर 12ः00 बजे नगर पालिका उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रशासन के द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। इसमें भाजपा ने सर्वसम्मति से संगीता साहू और कांग्रेस ने कमलेश जायसवाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। नामांकन की जांच के बाद मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। अध्यक्ष और 21 पार्षद ने चुनाव में मतदान किया। काउंटिंग में संगीता को 16 और कमलेश को 6 वोट प्राप्त हुए। 10 वोट के अंदर से संगीता नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। यह लगातार तीसरा मौका है जब नगर पालिका में उपाध्यक्ष की कुर्सी वार्ड नंबर 3 से चुनाव जीतने वाले पार्षद को मिली है।

इस चुनाव को लेकर भी जिला भाजपा के अध्यक्ष और नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मनोज शर्मा ने ठोस रणनीति बनाई थी और अपनी पार्टी एवं समर्थित सभी पार्षदों से व्यक्तिगत बातचीत करते हुए उन्हें समझाएं दी गई थी। माना जा रहा है कि इसी रणनीति के अनुसार नतीजे आए हैं।

## त्योहार से पहले गांव में दुख का पहाड़

**कोरबा।** इस बार होली त्योहार के दौरान मोरगा क्षेत्र में उमंग देखने को नहीं मिलेगी। यहां के प्रतिष्ठित व्यक्ति जोगेन्दर जायसवाल के युवा पुत्र की हादसे में मौत हो गई। वह नहाने के लिए हसदेव नदी गया हुआ था। डूबने के बाद उसकी खोज जारी थी। एसडीआरएफ की वापसी के बाद स्थानीय प्रयासों से आज शव बरामद कर लिया गया। परिजनों के साथ इलाके के लोग दुखी हैं। पुलिस ने बताया कि बीएनएसएस के अंतर्गत मर्ग रजिस्टर्ड कर लिया गया है।

## होली पर सौहार्द्र बिगाड़ा तो पुलिस तुरंत लेगी एक्शन

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी परिसर में रविवार को होली के मद्दे नजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने की, जिसमें होली त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा हुई। चौकी प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि होली का पर्व हर्षाउल्लास उल्लास और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने बताया होली खुशियों और रंगों का त्यौहार है इसे नशे से दूर रहकर और आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। गैर समुदाय जो होली खेलना पसंद ना करते हो उन्हें रंग गुलाल ना लगावे। पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है, कृपया सहयोग करें। चौकी प्रभारी ने बताया कि होली के दौरान कानूनी व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क रहेगी। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार बाइक चलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। साथी हुडदंगियों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न करना है। बैठक में मौजूद गढ़मान्य नागरिक एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह पप्पी, रामगोपाल कुर्रे, अब्दुल रहमान, नारायण लाल कुर्रे, टीकम राठौर, विकास चौहान, धन कुमारी गर्ग, सुशील गर्ग, राम शंकर साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# माचाडोली में घूम रहे 12 हाथी

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के बालको परिक्षेत्र में सक्रिय 12 हाथियों का दल अब बालको रेंज के सीमा को पार कर कटघोरा वनमंडल के एतमा नगर रेंज अंतर्गत माचाडोली पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को यहां के जंगल में देखा गया। तथा इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर गजदल की निगरानी में जुट गए हैं, वहीं माचाडोली व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया गया है।



## बीकेकेएमएस कार्यकर्ता कल करेंगे महिलाओं का सम्मान

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा व कुसमुंडा बीकेकेएमएस के कार्यकर्ता कल जेआरसी क्लब में महिलाओं का सम्मान करेंगे। क्षेत्र की महिला कर्मियों को इस कार्यक्रम में बुलाया गया है। अध्यक्ष हीरेन्द्र चंद्रा, महामंत्री रंजय सिंह, बाबूलाल चंद्रा, अमिया मिश्रा, राजेन्द्र यादव, शैलेन्द्र सिंह, दादुलाल राठौर, लेविश रात्रे सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारी की जा रही है। गेवरा-दीपका बीकेकेएमएस के कार्यकर्ताओं ने भी स्नेह मिलन भवन में लगभग 350 महिलाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, नपाअध्यक्ष, राजेन्द्र राजपूत उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनारायण साहू, मदन सिंह, प्रितम राठौर, रमेश गुरूद्वान, वीरेन्द्र राठौर, कुलदीप कुमार, बाबूसिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

## वेलफेयर कमेटी के सदस्य जाएंगे कालोनी में

**कोरबा।** एसईसीएल केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व के वेलफेयर कमेटी सदस्य मरम्मतीकरण कार्यों को लेकर गंभीर है। आवासों में कई कार्य कराये जाने हैं। इन मामलों को लगातार आईआर बैठक में उठाया जाता रहा है। इसके अलावा कालोनी में और भी समस्याएं हैं। इन समस्याओं को लेकर वेलफेयर कमेटी सदस्य एनके साव, बाबूलाल चंद्रा, बीपीन सिंह, कालोनी में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात करेंगे। इनका मानना है कि कोयला कामगार अपनी-अपनी समस्याएं उनके सामने रखेंगे। खासकर गर्मी के दिनों में पेयजल संकट न हो इसके लिए भी प्रयास किये जाएंगे।



# शराबियों की पार्टी होती है सहकारी बैंक के बाहरी परिसर में

**कोरबा।** कटघोरा में सहकारी बैंक के बाहरी परिसर को शराबखोरों ने अपने लिए सुरक्षित जगह समझ लिया है। रात्रि में वे यहां जमते हैं और शराब पार्टी करते हैं। इससे कई प्रकार के खतरे की आहट पैदा हो रही है। यह बात अलग है कि सहकारी बैंक प्रबंधन ने सुरक्षा के पहलू को ध्यान में रखा है और इसी इरादे से चौकीदार की ड्यूटी लगा रखी है। खबर के अनुसार वह रात को यहां उपस्थिति दर्ज कराता है। इसके बावजूद विभिन्न क्षेत्रों के शराबखोर और नशेड़ी यहां इकट्ठे होते हैं और मजे करते हैं। बड़ी मात्रा में शराब की खाली बोतलों के अलावा दूसरे सामान यहां मिले हैं जो इसकी पुष्टि करते हैं। कहने का मतलब यह है कि बैंक के बाहर परिसर में अराजक तत्वों को रोकने-टोकने की कोई जरूरत नहीं है और वे निर्बाध रूप से अपना काम कर सकते हैं। खबर के अनुसार बैंक में गिनती के पांच स्टाफ हैं और वे भी अनियमित। इसलिए भी कामकाज औपचारिक रूप से चल रहा है।

## फिर से फुटपाथ के आसपास नजर आनी लगीं दुकानें

**कोरबा।** नगर निगम के द्वारा हफ्ते भर पहले ही ओपर थिएटर घंटाघर और बुधवारी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर कड़ा रूख दिखाया गया था। नगर निगम चुनाव संपन्न होने तक यहां पर स्थिति सामान्य रही। नतीजों की घोषणा के बाद अब ऐसी हरकतें फिर शुरू हो गई हैं। जिन क्षेत्रों में ठंडे-झंडे और टेंट हट गए थे, अब वहां फिर से नजारे दिखने लगे हैं। इससे अभियान की सार्थकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि अधिकारियों ने अपनी इच्छाशक्ति के आधार पर कार्रवाई की थी लेकिन उपरी दबाव से मनोबल टूट रहा है।

### रशियन हॉस्टल में मनाया विश्व महिला दिवस

## प्रमोट करेंगे यूथ हॉस्टल की गतिविधियों को : मेयर

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोरबा इकाई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महापौर संजू देवी व अन्य महिलाओं को सम्मानित किया।



यूथ हॉस्टल एसोसिएशन कोरबा इकाई छत्तीसगढ़ राज्य ने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत मुख्य अतिथि थीं। वरिष्ठ सदस्य सुमन सेठ और शिव कुमारी ने श्रीमती संजू देवी को जीवंत पौधा भेंट कर स्वागत किया। राज्य चेयरमैन संदीप सेठ ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित किया और वाईएचएआई के कार्यों पर प्रकाश डाला तथा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके बाद बाकि सभी महिलाओं का स्वागत किया गया और मानवता के लिए विभिन्न संगठनों में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संजू देवी ने ओजस्वी भाषण दिया और बताया कि आजकल महिला सशक्तिकरण कैसे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी प्रशंसा की और कहा कि वाईएचएआई पिछले 25 वर्षों से कोरबा में युवाओं के लिए बहुत अच्छा काम कर रहा है। उसकी गतिविधियों को प्रमोट करने पर ध्यान देंगें। मेयर को इकाई की महिला सदस्यों द्वारा सर्टिफिकेट देकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान किया। यूथ हॉस्टल ने सफाई दीदियो को भी प्रशस्ति पत्र तथा आर्थिक मदद कर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट रात्रि भोज से हुआ। कार्यक्रम में सीमा, प्रियंका, स्वाति, शील, प्रीति, शारदा, सविता, पद्मा ललिता, राजेश, विजेश, मनोज, संजय तिवारी, भूपेन्द्र राजपूत, अतुल, शालिनी आदि उपस्थित रहे।

## कम हुई नगाड़ों की मांग

**कोरबा।** अब होली पर्व में रंग गुलाल भले ही उड़ रहा हो लेकिन नगाड़े बजने कम होते जा रहे हैं। कोरबा में नगाड़ा बनाने के काम से जुड़े लोगों ने बताया कि अब उनकी रुचि भी इस तरफ नहीं के बराबर रह गई है। होली से संबंधित गीत के साथ नगाड़े भी बजेंगे। इस बार की तैयारी को लेकर हमने संबंधित व्यवसाय से जुड़े लोगों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि काफी समय से इस काम को किया जा रहा है लेकिन ऐसा महसूस होता है कि मांग काफी कम होती जा रही है। इसलिए हम भी हिसाब से ही इस काम को कर रहे हैं। सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले जानकार दावा करते हैं कि भले ही होली को त्यौहार का नाम मिला हुआ है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com